सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹106433/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹129990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹141897/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

बस्तर और उससे लगे जिलों में भारी से अति भारी वर्षा

छग में सरगुजा छोड़ सभी संभागों में बरसेंगे बादल तीन दिन रहेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सक्रिय होने वाले चक्रवाती तूफान का असर सरगुजा संभाग को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में होने की संभावना है। 27 से 29 अक्टूबर तक बस्तर और उससे लेकर रायपुर, दुर्ग संभाग के जिलों में भारी से अतिभारी वर्षा हो सकती है। इस अवधि में हवा की गति में 20 से 30 किमी. प्रतिघंटे की हो सकती है। तूफान का प्रभाव राज्यभर में बादलों के रूप में होगा।

मौसम विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि सक्रिय चक्रवाती तूफान का असर छत्तीसगढ़ में भी होगा। 27 अक्टूबर को इसकी शुरुआत बस्तर से होगी और 29 अक्टूबर तक इसका विस्तार रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग में भी होने की संभावना है। तीन दिन की अ वधि में कहीं-कहीं भारी तो कुछ स्थानों में अतिभारी बारिश भी हो सकती है। इसके साथ ही हवा की गति अधिक होने और बादल छाने की वजह से फसलों पर विपरीत असर हो सकता है। इंदिरा गाधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विशेषज्ञ डा. जीके दास ने बताया कि किसान भाई ▶▶शेष पेज 7 पर

तट की ओर तूफान 'अर्नब', पांच राज्यों में भारी बारिश, छत्तीसगढ़ में भी दिखाएगा रौद्र रूप!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पूर्व में बना लो प्रेशर एरिया रविवार को चक्रवाती तूफान में बदल गया। यह 28 अक्टूबर को आंध्रप्रदेश के तट से टकराएगा। तूफान को अर्नब नाम दिया गया है। इसके असर से ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी में भारी बारिश हो रही है। इसका प्रचंड असर ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ में देखने को मिलेगा।

अलग खबर

140 की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, 27 से बदलने लगेगा मौसम

चार दिनों तक भारी बारिश का अनुमान

आंध्र प्रदेश में 26 से 29 अक्टूबर तक भारी बारिश का अनुमान है। ओडिशा के गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट और मलकानगिरी जिले में 28 और 29 अक्टूबर को सभी स्कूल-कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र बंद करने के आदेश दिए गए हैं। 26 अक्टूबर को केरलम में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। तमिलनाडु-पुडुचेरी में ऑरेंज अलर्ट है। कर्नाटक, रायलसीमा और आंध्र प्रदेश में बारिश का यलो अलर्ट है। यहां 50किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। 27 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट है। छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरलम, कर्नाटक और रायलसीमा में बारिश का यलो अलर्ट है।



140 तक पहुंच सकती है हवा की रफ्तार

मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम लगातार हवा की गति 115-125 किमी प्रति घंटा होगी, जो 28 अक्टूबर की सुबह तक 140 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। हालांकि छत्तीसगढ़ में रफ्तार कम हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार पुडुचेरी में शनिवार रात से लगातार बारिश हो रही है। वहीं, तमिलनाडु में भारी बारिश के बीच इरोड जिले में रविवार को कोडिवेरी बांध पर लगातार दूसरे दिन पर्यटकों की एंट्री बंद रही। केरल में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड में रेड अलर्ट है।

फसलों को हो सकता है नुकसान

तेज बारिश और हवा की वजह से धान की फसलों को नुकसान हो सकता है। अभी धान के फसल पकने लगे हैं। अगर तेज बारिश होती है तो उन्हें ही ज्यादा नुकसान होगा।



139 कमल पुष्पों से सजी माला से स्वागत

अभनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 139वें संस्करण के सीधे प्रसारण के अवसर पर अभनपुर में आयोजित सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में आए प्रमुख अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती स्मृति ईरानी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 139 कमल पुष्पों से सजी विशेष माला से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्र कुमार साहू, 'मन की बात' प्रदेश प्रभारी प्रीतेश गांधी, भाजपा जिला मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी संचित तिवारी, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, किशोर साहू, नागेंद्र वर्मा, तोषण साहू, बूथ अध्यक्ष तोरण साहू सहित बूथ के कार्यकर्ता राजेश साहू, गोयल भट्ट, सागर साहू, सागर बारले, पार्षदगण, जनपद सदस्यगण एवं सरपंचगण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति के सख्त तेवर, ठाकरे परिसर से करवाया कई पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को बाहर

स्मृति ने कहा- देश में मैडम सिर्फ एक ही सोनिया गांधी, बाकी सब बहन-बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने प्रदेश संगठन की बैठकों में जहां एक तरफ संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया, वहीं मैडम शब्द पर ऐतराज जताते हुए सभी से कहा, देश में मैडम सिर्फ एक ही हैं और वह हैं सोनिया गांधी, बाकी सब बहन, बेटियां हैं। हमारी पार्टी में मैडम शब्द का कोई स्थान नहीं है। भाजपा में भी सब बहन, बेटियां हैं।

खास खबर

प्रदेश प्रभारी के यहां कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचते ही सख्त तेवर भी देखने को मिले। परिसर में पहुंचने पर उन्होंने वहां पर भारी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को देखते ही नाराजगी जताते हुए साफ कहा, यहां पर भीड़ करने का क्या मतलब है। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जिनकी जब बैठक है, तभी उनको परिसर में बुलाया जाए। परिसर में प्रवेश के समय प्रदेश के कुछ मंत्रियों, विधायकों को भी अपने वाहनों के साथ परिसर में प्रवेश करने नहीं दिया गया।

प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने रायपुर प्रवास के पहले दिन सुबह से लेकर शाम तक लगातार बैठकें ली। सभी बैठकों में जहां उन्होंने संगठन को लेकर सभी से चर्चा की, वहीं पार्टी की रीति-नीति पर भी बात की। प्रदेश के पदाधिकारियों को यह अलग ही बात सुनने को मिली ▶▶शेष पेज 7 पर



जमीन पर बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' सुनते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

भीड़ देखकर जताई नाराजगी

विमानतल से जब वह ठाकरे परिसर पहुंचीं, तो वहां पर भारी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को देखकर नाराजगी जताई और सवाल किया कि इतने लोगों को यहां पर क्यों और किसलिए बुलाया गया है। उन्होंने सभी से कहा सभी अपने-अपने बूथ में जाएं। यहां पर बेवजह किसी को रहने की जरूरत नहीं है। एक महिला नेत्री ने जब उनके साथ सेल्फी लेने का प्रयास किया, तो उनको भी उन्होंने मना कर दिया।

जिनकी बैठक उनकी ही एंट्री

मन की बात कार्यक्रम के बाद जब बैठकों का दौर प्रारंभ हुआ, तो परिसर में सिर्फ उनको ही प्रवेश दिया गया जिनकी बैठकें थीं, लेकिन परिसर में सभी को एक साथ प्रवेश भी नहीं दिया गया। जिनकी जिस समय बैठक थी, उस समय ही उनको प्रवेश दिया। अपनी बैठक का इंतजार करके कई नेता परिसर के बाहर रहे।

वाहनों को भी प्रवेश नहीं

ठाकर परिसर में किसी भी मंत्री, विधायक, सांसद और नेताओं को अपने वाहन के साथ प्रवेश करने नहीं दिया गया। प्रदेश के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, भपेंद्र सवन्नी, निगम, मंडल, आयोग के सभी अध्यक्ष, पूर्व सांसद और विधायकों सहित जितने भी नेता बैठक के लिए पहुंचे सभी के वाहन और उनके साथ आए लोगों को बाहर ही रोक दिया गया।

पावर बैंक फटने से हड़कंप

मुंबई-हावड़ा मेल के एसी कोच में धमाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

चलती ट्रेनों में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल यात्रियों की सुरक्षा के लिए चुनौती बनता जा रहा है। शनिवार तड़के मुंबई-हावड़ा मेल के एसी कोच में एक यात्री का पावर बैंक फटने से आग लग गई और धुआं फैल गया। कोच में लगे फायर अलार्म के सक्रिय होते ही रेलवे कर्मियों का ध्यान घटना की ओर गया। संभावित खतरे को देखते हुए ट्रेन को रोकना पड़ा। हालांकि, स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। यह घटना चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा स्टेशन के पास की है। बताया जाता है कि इंजन से 14वें स्थान पर स्थित बी-3 कोच की बर्थ संख्या 6 पर एक यात्री का पावर बैंक फट गया। इससे आग लग गई और कोच में धुआं फैलने लगा। धुएं के कारण फायर अलार्म सिस्टम सक्रिय हो गया।



घटना के बाद जांच में चेन पुलिंग की पुष्टि नहीं हुई। स्थिति सामान्य होने पर ट्रेन को हावड़ा के लिए रवाना कर दिया गया।

छोटे उपकरण से बड़ा खतरा

इस घटना ने रेल यात्रा के दौरान पावर बैंक और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पावर बैंक की बैटरी में खराबी, ज्यादा गर्मी, उपकरण के क्षतिग्रस्त होने या तकनीकी गड़बड़ी के कारण आग लग सकती है। विशेषज्ञों की सलाह है कि यात्रियों को अच्छी गुणवत्ता वाले पावर बैंक का इस्तेमाल करना चाहिए। फूली हुई, टूटी या असामान्य रूप से गर्म होने वाली बैटरी का उपयोग नहीं करना चाहिए। पावर बैंक को बिस्तर, कंबल या अन्य ज्वलनशील वस्तुओं के बीच रखकर चार्ज करने से भी बचना चाहिए।

अब रात में बंद रहेंगे कोच के अंदर चार्जिंग पॉइंट

इस घटना की पुष्टि करते हुए चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी ने कहा कि अब रात में ट्रेनों के चार्जिंग पॉइंट बंद कर दिए जाएंगे। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। सीनियर डीसीएम ने बताया कि यात्री रात में पावर बैंक को चार्जिंग पर लगाकर सो गया था, जिसके कारण पावर बैंक में विस्फोट हो गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए रात में ट्रेन के चार्जिंग पॉइंट बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

खबर संक्षेप

2.10 करोड़ की डिजिटल धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर 2.10 करोड़ रुपये की डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी से जुड़ी रकम को आगे भेजने के लिए इस्तेमाल किए गए एक 'म्यूल' बैंक खाते का संचालन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोनू खान (36) और अर्जुन चौधरी (38) के रूप में हुई है।

हाथियों के कारण ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित

जमशेदपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में हाथियों के एक झुंड के रेल पटरियों के करीब आ जाने से करीब 12 ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई। पटरियों के पास हाथियों के आने की सूचना मिलने के बाद चक्रधरपुर मंडल के हाथियों के आवागमन वाले क्षेत्र में शनिवार की रात 10 बजकर 45 मिनट से रविवार की सुबह सात बजे तक ट्रेनों की गति 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक सीमित कर दी गई।

चित्रकार जोगेन चौधरी का निधन

कोलकाता। राज्यसभा के पूर्व सदस्य एवं चित्रकार जोगेन चौधरी का रविवार सुबह कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद चौधरी (87) दुर्लभ प्रकार के रक्त कैंसर से जूझ रहे थे। वह पिछले 14 महीनों से 'मायलोप्रोलिफेरेटिव नियोप्लाज्म' नाम के दुर्लभ रक्त कैंसर से ग्रस्त थे और उनकी कीमोथेरेपी की जा रही थी।

मोदी पर खड़गे की आपत्तिजनक टिप्पणी, बोले शाह- गालियों पर उतर चुकी कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली


राजनीति का पारा एक बार फिर सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। पटना की धरती से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ऐसा बयान दे डाला है जिसके बाद देश की सियासत में मानों भूचाल आ गया है। खरगे ने सीधे पीएम मोदी के पिता को लेकर अपशब द कहे। उन्होंने कहा कि 'मोदी का बाप भी जाएगा।' ये वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसपर मोर्चा खोलते हुए खड़गे और और कांग्रेस पार्टी की जमकर क्लास लगाई।

- पटना की सभा में कांग्रेस अध्यक्ष के विवादास्पद बोल पर छिड़ा संग्राम

गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटना में संबोधन के दौरान पीएम मोदी के पिता पर विवादित बयान दिया है। बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर रविवार को पटना में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एक व्यक्ति की टिप्पणी 'प्रधानमंत्री कहीं नहीं जाएंगे' के जवाब में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यह कहकर विवादों में घिर गए कि 'मोदी का बाप भी जाएगा।' खड़गे के इस बयान पर कि कांग्रेस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं में शामिल लोगों को जेल भेजेगी, कार्यक्रम में मौजूद एक व्यक्ति चिल्लाया, 'जब तक विद्रोह नहीं होगा, ▶▶शेष पेज 7 पर

शाह का सोशल मीडिया पर कड़ा प्रहार

अमित शाह ने तुरंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी के परिवार के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करके शालीनता और राजनीति की सारी हदें पार कर दी हैं। शाह ने पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले भी कांग्रेस ने पीएम मोदी की दिवंगत माताजी का अपमान किया, उन्हें 'मौत का सौदागर' कहा और कभी 'चायवाला' कहकर उनकी गरीबी का मजाक उड़ाया। आखिर कांग्रेस पार्टी ▶▶शेष पेज 7 पर



साय बोले- खड़गे देश से माफी मांगें

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता को लेकर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक हताशा में कांग्रेस अब भाषा की मर्यादा और भारतीय संस्कारों की सीमाएं भी लांघने लगी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते उनके दिवंगत पिता को निशाना बनाना कांग्रेस की गिरती ▶▶शेष पेज 7 पर

एनसीईआरटी की पहल

छात्रों के लिए एआई पर 20 घंटे का पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने कृत्रिम मेधा (एआई) और 'कम्प्यूटेशनल थिंकिंग' पर 20 घंटे का एक प्रारंभिक पाठ्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी दैनिक जीवन में कृत्रिम मेधा के उपयोग, उदाहरणों से मशीनों के सीखने की प्रक्रिया, 'डीपफेक' की पहचान और व्यक्तिगत आंकड़ों की सुरक्षा से जुड़ी ▶▶शेष पेज 7 पर

चर्चा के साथ प्रेक्टिकल भी

परिषद ने कहा, यह पाठ्यक्रम कृत्रिम मेधा की अवधारणाओं, अनुप्रयोगों और सीमाओं के साथ-साथ आंकड़ों की गोपनीयता तथा प्रौद्योगिकी के जिम्मेदार उपयोग को समझाने के लिए गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति अपनाता है। इसमें चर्चा, व्यावहारिक अभ्यास, प्रयोग और आत्मचिंतन के माध्यम

वित्तीय अनियमितता : जांच के दायरे में 392 अधिकारी-कर्मचारी, सात बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में 392 अधिकारी-कर्मचारी जांच के दायरे में हैं, जिनमें से सात को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने पत्रकारों को बताया कि इन अनियमितताओं के संबंध में 146 अधिकारियों के ▶▶शेष पेज 7 पर

- मध्यप्रदेश में बड़ी कार्रवाई से हड़कंप



रोकी गई वेतनवृद्धि

कुछ अधिकारियों से राशि की वसूली की गई है, कुछ की वेतनवृद्धि रोकी गई है, कुछ को पदावनत किया गया है और कुछ को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उनके द्वारा की गई अनियमितताओं के अनुपात में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अनियमितताओं के दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों से तीन से चार करोड़ रुपये की वसूली की गई है।

80 से अधिक ठेकेदारों पर भी एक्शन

अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा, अनुचित तरीके अपनाकर या गलत दरों पर सामग्री अथवा सेवाएं उपलब्ध कराने वाले 80 से अधिक ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। यह प्रक्रिया जारी है। दुबे ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार का रुख स्पष्ट है कि वित्तीय अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनता के पैसे का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

पीएम मोदी ने देखा वायुसेना का भव्य एयर शो

काशी के आसमान में सुखोई, राफेल और तेजस का शौर्य

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी के आसमान में रविवार को भारतीय वायुसेना के शौर्य, पराक्रम और हवाई ताकत का शानदार नजारा देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के नमो घाट पहुंचे और भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एयर शो देखा। 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर हुए इस हवाई प्रदर्शन में सुखोई, राफेल, तेजस समेत कई लड़ाकू और परिवहन विमानों ▶▶शेष पेज 7 पर

- 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर नमो घाट के ऊपर विमानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

कैलाश और विश्वनाथ फॉर्मेशन ने दिखाया दम

'कैलाश फॉर्मेशन' में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने वी-आकार की संरचना का नेतृत्व किया। उसके दोनों ओर एएन-32 परिवहन विमान नजर आए। 'विश्वनाथ फॉर्मेशन' में सुखोई-30 एमकेआई विमानों ने शानदार तालमेल के साथ उड़ान भरी और तीन विमानों के 'त्रिशूल' स्प्लिट का प्रदर्शन किया। 'प्रचंड' फॉर्मेशन में छह विमानों ने तीर के सिरे जैसी संरचना बनाकर उड़ान भरी।



तीनों सेनाओं का तालमेल

इस बड़े हवाई प्रदर्शन के लिए देश के 12 एयरबेस से करीब 100 विमानों की भागीदारी निर्धारित की गई। इनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल हैं। इस अभियान में भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच सटीक तालमेल भी देखने को मिला। इस प्रदर्शन का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की संयुक्त क्षमता, आधुनिक युद्ध प्रणालियों और विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय को प्रदर्शित करना है।

आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन

भारतीय वायु सेना ने इस एयर शो के जरिए केवल पारंपरिक फ्लाईपास्ट नहीं, बल्कि वास्तविक युद्ध परिस्थितियों से प्रेरित अभ्यासों और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। आज के इस अंतिम कार्यक्रम में लड़ाकू विमानों की विशेष फॉर्मेशन, हवाई युद्ध का सिमुलेशन, अत्याधुनिक सेंसर तकनीक और एरोबैटिक टीमों के करतब प्रमुख आकर्षण रहे। आज के एयर शो का सबसे बड़ा आकर्षण छह अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों की एरोहेड फॉर्मेशन रहा।


पहाड़ों में बदला मौसम,हिमाचल में दो किमी रास्ता बर्फ से ढंका उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में भी बढ़ेगी ठंड

13,500 फीट की ऊंचाई पर जमने लगी मणिमहेश झील, यमुनोत्री और केदारनाथ में भी हुई बर्फबारी

- ग्लेशियर पॉइंट से डल झील तक दो किलोमीटर रास्ता बर्फ से ढंका, श्रद्धालुओं को सतर्क रहने की सलाह
- उत्तराखंड के पांच पर्वतीय जिलों में बारिश के आसार, मैदानी इलाकों में भी गिरेगा पारा
- मणिमहेश में पांच से छह बार हो चुकी बर्फबारी, 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई पर हिमपात की संभावना
- 26 से 29 अक्टूबर तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहने का अनुमान, 30 अक्टूबर से फिर बदलाव के संकेत

एजेंसी ▶▶| देहरादून

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम ने करवट ले ली है। हिमाचल के चंबा जिले में समुद्र तल से करीब 13,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र मणिमहेश डल झील का बड़ा हिस्सा जमने लगा है। झील के किनारे स्थित चतुर्मुखी शिवलिंग पर करीब छह इंच बर्फ जम चुकी है। वहीं, उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम और केदारनाथ में भी शनिवार दोपहर बाद बर्फबारी हुई।


केदारनाथ में बर्फ गिरने लगी

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार

उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार, 25 अक्टूबर को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और बर्फबारी भी हो सकती है। मौसम में इस बदलाव से पहाड़ी क्षेत्रों के साथ मैदानी इलाकों के तापमान में गिरावट आने और ठंड बढ़ने की संभावना है।

29 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, 26 से 29 अक्टूबर तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद 30 अक्टूबर से मौसम के मिजाज में फिर बदलाव हो सकता है। वहीं, मणिमहेश यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को बर्फबारी और फिसलन के बीच विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। खासकर राधाष्टमी के बाद यात्रा करने वालों को निकलने से पहले मौसम की स्थिति और प्रशासन के निर्देशों की जानकारी लेनी चाहिए। बर्फ से ढके रास्तों पर परिस्थितियों का आकलन किए बिना आगे बढ़ना जोखिम भरा हो सकता है।


रास्तों पर जमी बर्फ


मणिमहेश झील जमने लगी

केंद्र सरकार के ऑपरेशन ट्राइडेंट के तहत 18 तस्कर गिरफ्तार

ड्रग्स कार्टेल पर प्रहार, 3 राज्यों में छापे 100 करोड़ के हवाला का खुलासा

केंद्र सरकार ने नशीले पदार्थों के खिलाफ एक बहुत बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन ट्राइडेंट को अंजाम दिया है। गृहमंत्री अमित शाह के मुताबिक, केंद्रीय एजेंसियों ने असम, मिजोरम और मणिपुर राज्यों में कुल 38 अलग-अलग जगहों पर एक साथ समन्वित छापेमारी की। इस बड़े अभियान के जरिए सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय नार्को-कार्टेल को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। गृह मंत्री ने इसे ड्रग्स के खिलाफ मोदी सरकार का एक और जोरदार प्रहार बताया है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस ऑपरेशन के दौरान एजेंसियों के हाथ कई बड़े वित्तीय और आपराधिक सुराग लगे हैं। गृह मंत्री ने बताया कि इस कार्रवाई से लगभग 100 करोड़ रुपए के हवाला लेनदेन का बड़ा खुलासा हुआ है। इस ऑपरेशन में 100 करोड़ रुपये के हवाला लेनदेन की जानकारी सामने आई है. वहीं, 1,424 बैंक खाते फ्रीज किए हैं। गृह मंत्री ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत 17.82 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, वहीं 18 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई।



भारी मात्रा में नकदी और विस्फोटक बरामद

अधिकारियों ने अवैध रूप से कमाई गई 17.82 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त कर लिया है। छापेमारी के दौरान 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपए की नगद राशि बरामद की गई है। इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। गृह मंत्री ने इस अभियान में शामिल केंद्रीय एजेंसियों और तीनों राज्यों की पुलिस बलों से बनी एंटी नारकोटिक्स टीम को बधाई भी दी।

डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर के जरिए होती थी तस्करी

अपने एक्स पोस्ट में गृह मंत्री अमित शाह ने खुलासा किया कि यह खतरनाक नेटवर्क डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर के माध्यम से भारत, म्यांमार और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं का इस्तेमाल करके नशीले पदार्थों की तस्करी को अंजाम दे रहा था। गृह मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि यह कार्रवाई 31 दिसंबर 2029 तक देश से नशीले पदार्थों के हर एक नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।

2029 तक देश को ड्रग्स मुक्त बनाने का लक्ष्य

उल्लेखनीय है कि देश से नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में ऐतिहासिक सफलता के बाद, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अब नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ आक्रामक रुख अपना रही है। सरकार का मुख्य लक्ष्य 31 दिसंबर 2029 तक भारत को ड्रग्स की समस्या से पूरी तरह मुक्त करना है। हाल ही में 21 अक्टूबर को नई दिल्ली में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बोलते हुए गृह मंत्री शाह ने यह घोषणा की थी।

केंद्रीय एजेंसियों और तीन राज्यों की पुलिस को बधाई

अमित शाह ने इस अभियान में शामिल केंद्रीय एजेंसियों और असम, मिजोरम तथा मणिपुर की पुलिस टीमों की सराहना की। उन्होंने नशे के खिलाफ कार्रवाई में जुटी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सरकार ड्रग्स के कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। ऑपरेशन ट्राइडेंट के जरिए तीन राज्यों में की गई संयुक्त कार्रवाई इसी प्रयास का हिस्सा है।



17 साल बाद छात्र संघ चुनाव की आग

जामिया में पुलिस-छात्र भिड़े, परिसर किया बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में हालात उस वक्त तनावपूर्ण हो गए, जब छात्र और दिल्ली पुलिस आपस में भिड़ गए। यह झड़प छात्र संघ के चुनाव दोबारा कराने की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शनों के दौरान हुई। विश्वविद्यालय में आखिरी बार छात्र संघ के चुनाव 2006 में हुए थे। हालात को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी, कैंपस के दरवाजे बंद कर दिए और सभी कक्षाओं को ऑनलाइन कर दिया। यह प्रदर्शन अब दूसरे हफ्ते में पहुंच गए हैं।

समिति कर रही अनुशासन की जांच

विश्वविद्यालय ने अपने सभी प्रवेश द्वार और पुस्तकालय बंद कर दिए हैं। वहीं, कुलपति समेत 1,500 से ज्यादा कर्मचारियों ने छात्रों से ये प्रदर्शन रोकने की अपील की है। एक समिति नए छात्र संघ के संविधान पर काम कर रही है और साथ ही प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ हुई अनुशासनात्मक कार्रवाई की समीक्षा भी कर रही है, लेकिन छात्र चाहते हैं कि इन फैसलों में उनकी भी बात सुनी जाए, इस सेमेस्टर में जल्द चुनाव करवाए जाएं और अनुशासनात्मक कार्रवाई के सभी मामले वापस लिए जाएं। फिलहाल, दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है और गेट नंबर 18 को विरोध प्रदर्शन के लिए तय कर दिया गया है।

जलगांव में पुलिस ने किया लाठीचार्ज

आरएसएस के पथ संचलन के दौरान तनाव मस्जिद के सामने विरोध में बैठे लोग

एजेंसी ▶▶| जलगांव

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जानकारी के मुताबिक यावल तालुका स्थित किनगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन रैली निकालने की तैयारी के दौरान तनाव की स्थिति पैदा हो गई। कुछ लोगों मस्जिद के सामने से पथ संचलन के गुजरने का विरोध किया। वहीं हालात बिगड़ता देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। इसके बाद पुलिस बंदोबस्त के बीच पथ संचलन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जलगांव जिले का अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। धार्मिक स्थल के सामने से जुलूस निकालने के मुद्दे पर हुए विवाद से कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठ खड़ा हुआ है। पता चला है कि पुलिस प्रशासन हालात को काबू में करने की कोशिश कर रहा है ताकि कोई अनहोनी न हो।

■ घटना की जांच जारी



मस्जिद के सामने हुआ विरोध

मिली जानकारी के मुताबिक, शहर से गुजरने वाले पथ संचलन के समय मस्जिद के सामने से गुजरते समय एक समूह ने विरोध किया। एक मस्जिद के सामने से रैली ले जाने को लेकर विरोध जताते हुए पुरुषों ने महिलाओं को आगे कर धरने पर बैठा दिया। इसी दौरान मौके पर तनाव बढ़ गया और कुछ स्थानों पर पथराव शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। **मौके पर भारी पुलिस बल तैनात** : घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है और सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धिवरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गावित, डिवीजनल पुलिस अधिकारी अनिल बडगुजर और भुसावल, यावल और रावेर से बड़ी संख्या में पुलिस बल किंगांव पहुंच गया है।

खबर संक्षेप

बिहू दल पर हमले के मामले में तत्काल हो कार्रवाई

गुवाहाटी। असम के सीए हिमंत विश्व सरमा ने श्रीभूमि जिले में बिहू दल पर हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का पुलिस को निर्देश दिया। राज्य की संस्कृति और विरासत का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरमा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, श्रीभूमि में बिहू दल पर हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली और दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना शुक्रवार को श्रीभूमि में दुर्गा पूजा की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान हुई। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए बुलाए गए बिहू दल पर उपद्रवियों द्वारा हमला किये जाने का आरोप है।



इलायची बागान में पेड़ गिरने से दो महिलाओं की मौत

इडुक्की। इडुक्की जिले के मनकुलम क्षेत्र में रविवार को एक इलायची के बागान में काम करने के दौरान एक बड़ा पेड़ गिर जाने से दो महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दोनों मृतक महिलाएं जिले की सिंकुकुडी आदिवासी बस्ती की निवासी थीं। उसने बताया कि दोपहर के समय जब छह लोग बागान में काम कर रहे थे, तभी एक बड़ा और सूखा पेड़ उन पर गिर गया, जिससे वे उसके नीचे दब गईं जिससे दोनों की मौत हो गई। साथ में काम कर रहे अन्य मजदूरों की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पेड़ को काटकर महिलाओं को बाहर निकाला।

वायुसेना प्रमुख की पाक को चेतावनी कहा- कोई लक्ष्य पहुंच से दूर नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने रविवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर खुलकर बात की। एयर चीफ मार्शल ने दुश्मन देश पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर 1200 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में और 200 किलोमीटर भीतर तक भारतीय वायुसेना के सटीक हमलों ने यह साबित कर दिया कि कोई भी लक्ष्य उसकी पहुंच से बाहर नहीं है। वायुसेना प्रमुख ने एक इंटरव्यू में कहा कि इस अभियान ने किसी भी संकट में सबसे पहले कार्रवाई करने वाली शक्ति और दुश्मन को हमला करने से रोकने की प्रभावी सैन्य क्षमता के रूप में वायुसेना की निर्णायक भूमिका की एक बार फिर पुष्टि की है।



हमने जो रास्ता चुना है, वह सही

उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि हमने जो रास्ता चुना है, वह सही है। हम और भी अधिक दृढ़ संकल्प के साथ इस रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे ताकि अगर देश को फिर हमारी जरूरत पड़े तो भारतीय वायुसेना और भी तेजी से, अधिक सटीक और निर्णायक ढंग से देश की शर्तों पर कार्रवाई कर सके।

स्वदेशी हथियारों ने शानदार काम किया

वायुसेना प्रमुख ने यह भी बताया कि स्वदेश में विकसित कुछ हथियार प्रणालियों ने "शानदार" प्रदर्शन किया और दुश्मन के इलाके में भीतर तक जाकर उसे भारी नुकसान पहुंचाया। साथ ही पूरे अभियान के दौरान वायुसेना ने "किसी अन्य व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाने" की अपनी प्रतिबद्धता भी पूरी की।

पाक के कब्जे वाले इलाकों में की गई कार्रवाई : पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पिछले साल मई में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाकों में मौजूद आतंकवादी ढांचे पर सटीक हमले किए। यह 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद से भारत की ओर से सीमा पार की गई सबसे साहसिक सैन्य कार्रवाई थी।

कुल्लवी नाटी नृत्य...


कुल्लू। मनाली में चल रहे दशहरा पर्व के दौरान कुल्लवी नाटी नृत्य का प्रदर्शन करती हुईं स्थानीय कलाकार।

पूर्व विधायक की बेटी की शिकायत पर महिला गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड की हरिद्वार पुलिस ने एक आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के सिलसिले में भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर की बेटी की शिकायत पर रविवार को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से एक महिला को हिरासत में ले लिया। हालांकि, पुलिस ने गिरफ्तार महिला की पहचान उजागर नहीं की। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में गिरफ्तार महिला, अभिनेत्री उर्मिला सनावर दिखाई दे रही हैं। उन्हें अंकिता भंडारी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की जांच के सिलसिले में सोमवार को देहरादून की एक अदालत में पेश होना था।



त्योहारी सीजन पर मन की बात में बोले पीएम मोदी

'वोकल फॉर लोकल' से दुनिया के बाजारों तक पहुंच रहे भारतीय उत्पाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 139वां एपिसोड रहा। पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक तीर्थयात्रा जैसा है। पीएम मोदी ने त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना हमारे उत्पादों को दुनिया भर के बाजारों तक पहुँचा रही है। साथ ही पीएम मोदी ने लोगों को कपास की खेती को लेकर खासा जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि पंजाब में 'खेती विरासत मिशन' नाम की एक संस्था ने ऑर्गेनिक और पारंपरिक कृषि के तौर-तरीकों को नया जीवन देना शुरू किया। इस टीम के लोग पंजाब के मालवा क्षेत्र में कपास की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहते थे। इस पहल को नाम 'नव-त्रिन्जन' दिया गया।



पैकेजिंग पर आदिवासी कला की छाप

पीएम मोदी ने कहा, महाराष्ट्र के आदिवासी समुदायों ने अपने उत्पादों की पैकेजिंग पर बहुत ध्यान दिया है। यहां 'शबरी नेचुरल्स' के जरिए शहद, महुआ, चीड़ और बांस से बने उत्पादों को बाजार में लाया जा रहा है। इनकी पैकेजिंग पर आदिवासी कला की छाप देखने को मिलती है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस पैकेजिंग को जापान का प्रतिष्ठित 'गुड डिजाइन अवार्ड' मिला है।

दुनिया भर में पहुंच रहे स्वदेशी उत्पाद

मोदी ने कहा, त्योहारों के इस मौसम में आप सभी ने अपने आस-पास एक बदलाव जरूर देखा होगा। अब लोग खरीदारी करते समय स्वदेशी उत्पादों को काफी महत्व देने लगे हैं। 'वोकल फॉर लोकल' की यह भावना हमारे उत्पादों को दुनिया भर के बाजारों तक पहुँचा रही है।

बिहार का मखाना, कर्नाटक की अरहर दाल : पीएम मोदी ने वोकल पर लोकल का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार का मखाना और कर्नाटक की अरहर दाल को दुनिया भर में नए बाजार मिल रहे हैं। महाराष्ट्र के आदिवासी उत्पादों को ऐसी पैकेजिंग के जरिए पहचान मिल रही है।

बिना केमिकल की ऑर्गेनिक कपास

पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल के तहत यहां बिना केमिकल का इस्तेमाल किए ऑर्गेनिक कपास उगाई जाती है। यहां प्राकृतिक रंगों वाली कपास भी उगाई जाती है, इससे तैयार धागे और कपड़े को रंगने के लिए अलग से केमिकल इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती। आप कल्पना कर सकते हैं, इससे पर्यावरण की कितनी बड़ी मदद हो रही है।

सुधा गोपाल कृष्णन ब्रेन सेंटर : चेन्नई में शुरू किए गए इस सेंटर के बारे में बताते हुए पीएम ने कहा कि यह दुनिया का पहला ऐसा मिशन है, जो मानव मस्तिष्क की हाई-रिजॉल्यूशन डिजिटल उडी तस्वीरें और 100 ह्यूमन ब्रेन की मैपिंग पर काम कर रहा है।

ई-संजीवनी का सराहा : देश के दूरदराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में ई-संजीवनी योजना की भूमिका की सराहना करते हुए पीएम ने बताया कि इससे अब तक 50 करोड़ से अधिक परामर्श दिए जा चुके हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ करेंगे शिरकत

नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए स्वदेशी तकनीक पर मंथन आज से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की पांचवीं नौसैनिक नवाचार एवं स्वदेशीकरण संगोष्ठी 'स्वावलंबन 2026' का आयोजन आज यानी 26 और 27 अक्टूबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में होगा। 'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और सामर्थ्य' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 26 अक्टूबर को शामिल होंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य स्वदेशी तकनीकों को बढ़ावा देना और रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता मजबूत करना है। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग, स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, शिक्षाविदों और निवेशकों की भागीदारी रहेगी। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम तकनीक, स्वायत्त प्रणालियों और हाइपरसोनिक तकनीक के नौसैनिक अभियानों में इस्तेमाल पर चर्चा होगी। समुद्री निगरानी, ड्रोन रोधी प्रणालियों और सुरक्षा से जुड़े स्वदेशी नवाचार भी प्रदर्शित किए जाएंगे। संगोष्ठी में रक्षा क्षेत्र की घरेलू आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने, स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने और स्वदेशी तकनीकों के व्यावसायिक विस्तार के लिए निवेश के अवसरों पर भी विचार होगा।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



12 किमी का सफर तय करने में लग रहे 6 से 7 घंटे, ट्रैक्टर, बैलगाड़ियों और पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे श्रद्धालु





उदंती के बीहड़ चौकशील पहाड़ी पर उतरी दूधिया रोशनी, सजा अनूठा मेला, उमड़े हजारों लोग

शेख हसन खान ⏭ मैनपुर

उदंती अभ्यारण्य के घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चौकशील में इस साल भी शरद पूर्णिमा मेले में हजारों आदिवासी जुटे। अपनी अनोखी परंपरा के लिए प्रसिद्ध शरद पूर्णिमा का यह मेला जमीन की सतह से लगभग 1300 मीटर की ऊंचाई पर विशाल चट्टानी मैदान पर ⏭शेष पेज 7 पर

अलग खबर

बस्तर से ओडिशा तक जुटी भीड़ गढ़िया माता के दरबार में पहुंचे देवी-देवताओं के ध्वज-पताका और डांग-डोली



बैगा-सिराहों की गोष्ठी और ओडिशा नृत्य की धूम

खुले आसमान के नीचे और चांद की शीतल छाया में बैगा, सिरहा, पुजारी और झांकरों ने विचार गोष्ठी आयोजित की। इसमें लोगों को देव-पूजा पद्धति और आदिवासी संस्कृति के इतिहास से अवगत कराया गया। वहीं, रातभर चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को बांधे रखा। ओडिशा से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और ओड़िया नाटकों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, जिससे क्षेत्र में दीपावली से भी पहले का उत्सव जैसा माहौल बन गया।



12 किलोमीटर के सफर में लगा लंबा जाम

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 40 किलोमीटर दूर उदंती अभ्यारण्य के भीतर स्थित इस पहाड़ी तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों ने श्रमदान कर कच्ची सड़क का निर्माण किया है। मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे से बम्हनीझोला और वहां से जंगल के भीतर पहाड़ी तक की 12 किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को 6 से 7 घंटे का समय लग रहा है। इसके बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। सैकड़ों ट्रैक्टर, जीप, टैक्सी, कार, मोटरसाइकिल, पारंपरिक बैलगाड़ियां और पैदल चल रहे हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा मार्ग भरा हुआ है। क्षेत्र के लोगों के लिए यह मेला किसी बड़े महापर्व से कम नहीं है, जिसमें शामिल होने के लिए हर साल श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

बैंकिंग सिस्टम को मिला नया 'बैकअप', पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

भुवनेश्वर के पास इंफो वैली-2 में 18.55 एकड़ में बना डेटा सेंटर

आपदा हो या साइबर हमला, अब नहीं रुकेगी देश की डिजिटल बैंकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भुवनेश्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भुवनेश्वर में 169 करोड़ रुपए की लागत से बने आरबीआई के नवनिर्मित डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया। इस दौरान, पीएम मोदी ने कहा कि विकास हमारी प्राथमिकता है। बताया जा रहा है कि किसी प्राकृतिक आपदा, तबाही, हमले में मुंबई वाला डेटा सेंटर प्रभावित होता है तो ओडिशा सेंटर से बैकअप जारी रहेगा, जिससे देश के पूरे बैंकिंग और पेमेंट सिस्टम में रुकावट नहीं आएगी।

भुवनेश्वर के पास इंफो वैली-2 में 18.55 एकड़ में बना परिसर नवी मुंबई के आरबीआई के मुख्य डेटा सेंटर के डिजास्टर रिकवरी बैकअप के रूप में काम करेगा। 169 करोड़ रुपए की लागत से बने डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि युद्ध अब के वल पारंपरिक तरीकों से नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्थाओं को निशाना बनाकर भी लड़े जा रहे हैं। उन्होंने भारत की बैंकिंग प्रणाली को साइबर आतंकवादियों से बचाने की जरूरत पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि इन सुविधाओं से ओडिशा और देश के लोगों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा, हमारे लिए विकास का मतलब भारत की संतुलित वृद्धि और गांवों तथा छोटे शहरों के लिए अवसर उपलब्ध कराना है।

खास खबर

गुड गवर्नेंस का मॉडल लेकर चल रही सरकार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम प्रो-पीपल, प्रो-एक्टिव, गुड गवर्नेंस का मॉडल लेकर चले। हमारे लिए विकास का मतलब है- भारत का संतुलित विकास, गांवों को भी अवसर, छोटे शहरों को भी अवसर। हमारा लक्ष्य है दूर-दराज के क्षेत्रों को भी बेहतर कनेक्टिविटी देना, गरीब परिवारों को भी सम्मान के साथ जीवन जीने की सुविधाएं देना, और हर नागरिक को निरंतर यह विश्वास देना कि विकास की यात्रा में वह पीछे नहीं छूटेगा।

मुंबई का डेटा सेंटर ठप हुआ तो ओडिशा संभालेगा देश की बैंकिंग कमान



टायर-4 सर्टिफिकेशन से लैस है सेंटर

इस डेटा सेंटर को अपटाइम इंस्टीट्यूट का टायर-4 सर्टिफिकेशन मिला है। यह डेटा सेंटर के लिए सबसे ऊंची टियर कैटेगरी है। इसका मतलब है कि यहां बिजली, कूलिंग और दूसरे जरूरी सिस्टम में बैकअप और खराबी से निपटने के लिए मजबूत व्यवस्था की गई है। टायर-4 डेटा सेंटर सर्टिफिकेशन डेटा सेंटर उद्योग में उपलब्धता और विश्वसनीयता का सर्वोच्च स्तर है। इसका सीधा मतलब यह है कि यह सेंटर बिना किसी रुकावट के लगातार काम करने के लिए डिजाइन किया गया है।



बैंकिंग सिस्टम को मिलेगा मजबूत सपोर्ट

आज के समय में ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इन सेवाओं को चलाने के लिए मजबूत टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। डेटा सेंटर में बड़े सर्वर और नेटवर्किंग सिस्टम के जरिए डेटा को स्टोर और प्रोसेस किया जाता है। आरबीआई का यह नया सेंटर जरूरी डिजिटल सिस्टम को सपोर्ट करेगा। साथ ही, किसी तकनीकी खराबी या दूसरी परेशानी के दौरान सेवाओं को जारी रखने और सिस्टम को दोबारा चालू करने की क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है।

डाक-सेवक भर्ती को लेकर कैट के फैसले पर लगाई मुहर



हाईकोर्ट ने खारिज की केंद्र की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने ग्रामीण डाक सेवक की नियुक्ति के लिए शैक्षणिक योग्यता से जुड़े मामले में केंद्र सरकार की अपील खारिज कर दी है। डिवीजन बेंच ने इस मामले में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के आदेश को सही ठहराया है। साथ ही कहा है कि जिस अभ्यर्थी को 20 दिसंबर 2012 को अंकसूची और प्रमाणपत्र जारी किया गया था, उसे केवल संबंधित बोर्ड की मान्यता निलंबित होने के आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। दरअसल, हेमचरण साहू, उत्तरा कुमार समेत अन्य का चयन ग्रामीण डाक सेवक के पद पर हुआ था। चयन के लिए 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना और गणित व अंग्रेजी विषयों की जानकारी अनिवार्य थी। संबंधित अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ स्कूल एंड टेक्निकल ⏭शेष पेज 7 पर

फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में की अपील

केंद्र सरकार और चीफ पोस्ट मास्टर ने कैट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। इसमें बताया गया कि अभ्यर्थियों ने जिस बोर्ड की अंकसूची और प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया है, उसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने मान्यता नहीं दी है। वहीं, उस बोर्ड की मान्यता भी निलंबित कर दी गई है। याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों की तरफ से कहा गया कि उन्हें प्रमाणपत्र और अंकसूची 20 दिसंबर 2012 को जारी की गई थी।

खबर संक्षेप

छात्रा की मौत मामले में शिक्षकों से पूछताछ

नई दिल्ली। स्कूल के परिसर में 12वीं कक्षा की छात्रा की संदिग्ध



परिस्थितियों में जलकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों से पूछताछ की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ प्रेम संबंध टूटने के संदेह समेत व्यक्तिगत कारणों की भी जांच कर रही है।

2,375 किलो हरित पटाखों के साथ दो पर केस

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के हैदरपुर गांव में पुलिस ने एक गोदाम से 2,375 किलोग्राम हरित पटाखे जब्त कर इनके अवैध भंडारण के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उसे सूचना मिली थी कि हैदरपुर गांव के एक इलाके में स्थित गोदाम में अवैध रूप से पटाखे रखे गए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम गोदाम पहुंची, जहां ताला लगा हुआ था।

महिला के गहने लूटकर हत्या, चार गिरफ्तार

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले में गहने लूटने के बाद 30



वर्षीय महिला की हत्या करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता का 20 अक्टूबर की रात उस समय अपहरण कर लिया गया था, जब वह दुर्गा पूजा पंडाल से घर लौट रही थी। बाद में महिला का शव नवाबाजार थाना क्षेत्र में उसके घर के पास एक धान के खेत से बरामद किया गया।

साढ़े चार करोड़ का चरस और मेफेड्रोन जब्त

मुंबई। मुंबई पुलिस ने अलग-अलग अभियानों के तहत साढ़े चार करोड़ रुपये मूल्य का चरस और मेफेड्रोन जब्त किया है। हत्या के एक मामले में शामिल तीन आदतन अपराधियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा की इकाई-9 ने शनिवार को बांद्रा पश्चिम स्थित एक आवास पर छापा मारा। इस दौरान 1.5 करोड़ रुपये मूल्य का 1.5 किलोग्राम चरस जब्त किया गया।

राहुल गांधी का 'चलो दिल्ली' आह्वान

'इंडिया' की 1 नवंबर को 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं और 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार तथा चुनावी प्रक्रिया पर अपना हमला तेज कर दिया है। उन्होंने 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' जन मार्च और महारैली में शामिल होने के लिए देशवासियों से 'चलो दिल्ली' का आह्वान किया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों से नाम हटाए गए, नियम-कानूनों का उल्लंघन हुआ और सवाल उठाने वालों पर लाठियां चलाई गईं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर चुप नहीं बैठा जाएगा और जनता इसका जवाब देगी। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर रैली में शामिल होने की अपील की। उन्होंने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, नौजवानों और व्यापारियों सहित लोकतंत्र की चिंता करने वाले सभी वर्गों से बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचने का आग्रह किया।



भाजपा पर तंज, प्रचार के लिए जताया धन्यवाद

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों पर भी तंज कसा। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों का धन्यवाद, जो इस कार्यक्रम का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले सात दिनों तक भी वे इसी उत्साह और लगन को बनाए रखें। राहुल गांधी की इस टिप्पणी को प्रस्तावित महारैली को लेकर भाजपा की ओर से की जा रही आलोचना के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस इस कार्यक्रम के जरिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और चुनाव आयोग की भूमिका से जुड़े सवालों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है।

एसआईआर और मतदाता सूची का मुद्दा केंद्र में

कांग्रेस लंबे समय से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित तौर पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर सवाल उठा रही है। पार्टी का आरोप है कि इस प्रक्रिया के कारण बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के कांग्रेस के आरोपों और प्रभावित मतदाताओं की संख्या को लेकर चुनाव आयोग का पक्ष भी महत्वपूर्ण है। आयोग ने पूर्व में स्पष्ट किया है कि एसआईआर के प्रारूप चरण में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं को चिह्नित किया जाना अपने आप में अंतिम मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के समान नहीं है।

बैलगाड़ी दौड़....



चिक्कमगलुरु। रविवार को कर्नाटक के चिक्कमगलुरु के पास राज्य स्तरीय बैलगाड़ी दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी।

बंद कमरे में लगाया था पूरा सेटअप

किराया देने के भी नहीं थे पैसे छाप डाले 37 लाख के नोट!

एजेंसी ⏭ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर शहर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक किराएदार ने बंद कमरे के भीतर ही नकली नोट छापने का पूरा सेटअप लगा रखा था। मकान मालिक के साथ किराए के पैसों को लेकर हुए विवाद और कमरे का ताला तोड़े जाने के बाद इस पूरे फर्जी नोट रैकेट का खुलासा हुआ। वाठोड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब कमरे की तलाशी ली, तो अधिकारियों के होश उड़ गए। कमरे से 500 रुपए के नकली नोटों की गड्डियां, हाई-टेक प्रिंटर, नोट गिनने की मशीन और आधा-अधूरी छपी करेंसी बरामद की गई है।



बाल्टी में भरी थीं 500 रुपए के नोटों की गड्डियां

कई दिनों तक जब किराएदार कमरे पर नहीं आया, तो शनिवार को मकान मालिक रमेश ने हथौड़े से कमरे का ताला तोड़ दिया। जैसे ही वे अंदर घुसे, नजारा देखकर दंग रह गए। कमरे के अंदर एक बाल्टी में 500 रुपए के जाली नोटों की गड्डियां ठसाठस भरी हुई थीं।

पामगढ़ क्षेत्र में शराब से दो लोगों की मौत पर बड़ा खुलासा

शराब में सुहागा मिलाकर एक को मारने की थी साजिश, चपेट में आ गया पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- चांपा

पामगढ़ में शराब से दो मौत का खुलासा हो गया है। पैसे के लेनदेन के विवाद में शराब में सुहागा मिलाकर वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजा खरे का कहना है कि वह पार्षद रामखिलावन जांगड़े को मारना नहीं चाहता था, लेकिन उसने भी उसी बोतल की शराब पी ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने साइबर तकनीक का सहारा लेने के साथ ही घटना स्थल का रिक्रिएशन भी किया। आरोपी की निशानदेही पर शराब की खाली बोतल और सुहागा की पुड़िया घटना स्थल के पास से जब्त की गई है। नगर ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप





एक साथ चार ने पी शराब, बिगड़ी तबीयत, पार्षद समेत दो की मौत

प्लानिंग कर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस की पूछताछ में आरोपी राजा खरे ने बताया कि उसने जोहित खरे से उधारी में अलग-अलग किस्त में 10 दस लाख रुपए लिया था। ट्रेडिंग में नुकसान हो रहा था। जोहित खरे अपने पैसे की वापसी के लिए लगातार दबाव बना रहा था, जिससे मानसिक रूप से अत्याधिक रूप से परेशान था।

एक को मारने का था प्लान

आरोपी राजा खरे ने पुलिस को बताया कि उसने मुकेश कश्यप से शराब की 3 बोतल खरीदवाई थी। मुकेश कश्यप को थाना लाकर पूछताछ करने पर पता चला कि उसने शराब खरीद कर राजा खरे को दिया था, दोनों ने मिलकर 1 क्वाटर शराब को पी। राजा खरे ने जोहित खरे और रामखिलावन जांगड़े को हेलीपैड के पास फोन कर बुलाया था जिनके आने पर राजा खरे ने 1 क्वाटर शराब में अपने जेब में रखे पुड़िया से निकाल कर सुहागा मिलाया। पुलिस की गाड़ी आते देख मुकेश कश्यप भाग गया। इसके बाद कुछ दूर जाकर पार्षद रामखिलावन जांगड़े और निजी क्लीनिक संचालक जोहित खरे ने शराब पी ली।

खबर संक्षेप



जस्टिस पांडेय ने किया न्यायालय का निरीक्षण

जगदलपुर। न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डे न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जिला न्यायालय जगदलपुर का निरीक्षण किया । इस दौरान ग्रन्थालय, अभिलेखागार, मालखाना अनुभाग का निरीक्षण कर निर्देश दिए। वहीं प्रत्येक न्यायालय कक्ष का भी निरीक्षण किया। प्रत्येक न्यायालय में लंबित एवं नियत प्रकरणों के साथ-साथ निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त अभिलेखों के डिजिटलीकरण प्रक्रिया के अंतर्गत स्थापित डिजिटाईजेशन कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया । अंत में न्यायमूर्ति ने जिला न्यायालय के समस्त न्यायधीशों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। न्यायमूर्ति श्री पाण्डे ने न्यायाधीशों को पुराने प्रकरणों विशेषकर 5 वर्ष एवं 10 वर्ष से लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किये जाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायालय जगदलपुर के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें ।

मां के पीछे-पीछे घर से निकली मासूम की मौत

रायगढ़। जिले के भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली में एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय बच्ची की जान चली गई। मां के पीछे घर से निकली मासूम नाले के पानी में डूब गई। काफी तलाश के बाद उसका शव घर से करीब 200 मीटर दूर नाले में मिला। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डूमरपाली निवासी सूरज उरांव गुरुवार शाम अपनी दो वर्षीय बेटी मान्या उरांव के साथ घर में बैठकर टीवी देख रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी अस्पताल जाने के लिए घर से निकली। मां को जाते देख मान्या भी उसके पीछे चल पड़ी। टीवी देखने में व्यस्त सूरज को लगा कि बेटी अपनी मां के साथ चली गई है। कुछ देर बाद पत्नी घर लौटी तो मान्या उसके साथ नहीं थी। इसके बाद परिजनों को बच्ची के लापता होने का पता चला। ऐसी स्थिति में परिवार ने तत्काल उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी। इधर मामले की जानकारी मिलते ही भूपदेवपुर पुलिस ने बच्ची की तलाश शुरू की। घर के पास नाला होने के कारण पुलिस ने वहां भी खोजबीन की। इस दौरान घर से करीब 200 मीटर दूर नाले में मान्या का शव बरामद हुआ।

गंगरेल बांध से 52 अरब घनफीट पानी छोड़ा गया

धमतरी। महानदी परियोजना के चारों बांधों में जितना उपयोगी पानी संग्रहण होता है, उससे अधिक पानी गंगरेल बांध से छूट चुका है। वर्तमान में खरीफ फसल के लिए सिंचाई पानी देने का सिलसिला जारी है। सितंबर माह में शत-प्रतिशत जलभराव वाले गंगरेल बांध में अब 61 प्रतिशत जलभराव है। हालांकि सहायक बांधों में लबालब पानी भरा हुआ है। सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल जिले में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। परियोजना के सभी बांधों से अतिरिक्त पानी नहर तथा नदी में फ्लड करना पड़ा। गंगरेल बांध से 13 अगस्त से सिंचाई पानी देने का सिलसिला शुरु हुआ। 24 अगस्त तक रूद्री बराॅज के माध्यम से सिंचाई के लिए 24.620 टीएमसी पानी दिया जा चुका है। वर्तमान में 6859 क्यूसेक पानी खरीफ फसल के लिए मुख्य नहर में छोड़ा जा रहा है। बताया गया है कि बारिश के दौरान बांध में अत्यधिक पानी की आवक होने पर महानदी में 15.903 टीएमसी पानी फ्लड किया गया है। इसके अलावा भिलाई नहर के माध्यम से भी पानी सिंचाई तथा तांदुला बांध के लिए छोड़ा गया।

पानी के नीचे की जमीन को फर्जी दस्तावेज से कृषि भूमि बताकर बेचा!

अफसर ने किया नामंतरण निरस्त, पटवारी पर ग्रामीणों ने लगाया मिलीभगत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

फर्जी दस्तावेजों के सहारे पानी की नीचे की सरकारी जमीन को कृषि भूमि बताकर बेचे जाने का मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम मुढ़ैना में सामने आए इस फर्जीवाड़ा के संबंध में ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी हल्का नंबर 37, राजस्व निरीक्षक मंडल बरोंडाबाजार के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुढ़ैना में सरकारी 'सरार' याने पानी के नीचे दर्ज भूमि को फर्जी दस्तावेजों के सहारे अवैध रूप से बेच दिया गया है।

क्या है पूरा मामला? कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत के अनुसार, ग्राम मुढ़ैना स्थित खसरा नंबर 439 (रकबा 0.7900 हेक्टेयर) भूमि वर्ष 1990-91 के राजस्व रिकॉर्ड में 'सरार' यानी पानी के नीचे दर्ज थी। आरोप है कि आरगं तहसील के ग्राम गोईंदा निवासी महादेव, दुलारी बाई और नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस भूमि को ग्राम लभराखुर्द निवासी श्रीमती ज्योत्सना कन्नौजे के पक्ष में 11 अक्टूबर 2021 को पंजीकृत विक्रय पत्र के जरिए बेच दिया। रोचक बात यह है कि इस जमीन को कृषि भूमि बताकर बेचा गया। मामले को लेकर पटवारी राकेश थवाईत के अनुसार उक्त नामांतरण उनके कार्यकाल के पूर्व का नामांतरण है। बंदोबस्त त्रुटि सुधार में तहसील कार्यालय के आदेश से नामांतरण किया गया है।

न्यायालय द्वारा खारिज होने के बावजूद रिकॉर्ड में नाम चढ़ाने का आरोप

ग्रामीणों ने बताया है कि भूमि की क्रेता ज्योत्सना कन्नौजे ने महासमुंद नायब तहसीलदार न्यायालय में नामांतरण आवेदन दिया, जिसे तत्कालीन पीठासीन अधिकारी/नायब तहसीलदार द्वारा 13 मार्च 2023 को खारिज कर दिया गया। नामांतरण निरस्त किए जाने के बावजूद, तत्कालीन हल्का पटवारी राकेश कुमार थवाईत ने 25 मार्च 2025 को मिलीभगत कर राजस्व अभिलेखों में ज्योत्सना कन्नौजे का नाम दर्ज कर दिया, जिसे ग्रामीणों ने पूर्णतः अवैधानिक कृत्य बताया है।



कलेक्टर से सख्त कार्रवाई और रिकॉर्ड सुधार की मांग

प्रार्थी भूपेन्द्र सिंह ठाकुर एवं ग्रामवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, अधिकार विहीन होकर आदेश पारित करने और राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी करने वाले पटवारी, राजस्व निरीक्षक व अन्य दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए तथा खसरा नंबर 439 (रकबा 0.7900 हेक्टेयर) को पुनः राजस्व रिकॉर्ड में 'सरार' (पानी के नीचे) के रूप में दर्ज करने के आदेश दिए जाएं।

दो महीने के भीतर रसोई का बजट बढ़ा, खाद्य सामग्रियां महंगी

चावल 30, दाल के दाम 50 रुपए बढ़े, शक्कर भी महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्योहारी सीजन आते ही अब चौतरफा महंगाई की मार पड़ने लगी है। दो माह में ही चावल के दाम जहां 30 रुपए बढ़ गए हैं। वहीं राहर दाल के दाम तो आसमान पर चले गए हैं। इसके दाम में 50 रुपए का इजाफा हो गया है, जो दाल दो माह पहले चिल्हर में 110 रुपए थी, उसके दाम अब 160 रुपए हो गए हैं। शक्कर के दाम भी फिर से बढ़ने लगे हैं, जो शक्कर थोक में 46 रुपए हो गई थी, उसके दाम वापस अब 51 से 52 रुपए और चिल्हर में 55 से 60 रुपए हो गए हैं।

अलग खबर

हमेशा से ही त्योहारी सीजन के पहले एक तरह से सिंडीकेट बनाकर सामान के दाम बढ़ाने का काम किया जाता है। महंगाई पूरी तरह से लंबे समय से बेलगाम है। एक सामान के दाम से आम आदमी उबर भी नहीं पाता कि दूसरे सामान के दाम बढ़ जाते हैं। आम आदमी का बजट हर माह बिगड़ रहा है। छोटे परिवार का बजट हर माह बढ़ जा रहा है। छोटे परिवार में पहले एक माह का राशन चार हजार में आ जाता था, अब पांच हजार से ज्यादा लग रहे हैं। शक्कर के दाम ऐतिहासिक 70 रुपए तक जाने के बाद थोक में इसके दाम इस माह के प्रारंभ में 46 से 47 और चिल्हर में 50 रुपए हो गए थे, लेकिन अब इसके दाम थोक में ही 51 से 52 रुपए हो गए थे। चिल्हर में इसके दाम 55 से 60 रुपए किलो है। इसके दाम में अभी राहत की संभावना नहीं है।

खास बातें

- हर महीने के राशन का खर्च 10% से अधिक बढ़ा
- धान के गढ़ में चावल महंगा होने से परिवारों की बढ़ी दिक्कतें
- कालाबाजारी पर भी नजर, शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई
- दाल-चावल के साथ ही अन्य सामग्री भी महंगी



चावलों के ऐतिहासिक दाम

पतले चावलों की कीमत में पहली बार ऐतिहासिक इजाफा हुआ है। मप्र सिवनी का काली मूंछ चावल बहुत ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम में दो माह में 20 रुपए तक का इजाफा हुआ है। कारोबारियों के मुताबिक इसके दाम दो माह पहले थोक में 50 रुपए थे, जो अब 70 रुपए हो गए हैं। ऐसे में चिल्हर में इसके दाम 75 से 80 रुपए किलो हो गए हैं। एचएमटी चावल के दाम पहले थोक में 45 रुपए थे, इसके दाम थोक में 65 से 68 और चिल्हर में 75 रुपए हो गए हैं। अब्बा हुजूर चावल के दाम थोक में 60 रुपए से सीधे 90 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसकी कीमत 100 रुपए हो गई है। जय श्रीराम चावल के दाम में भी 20 रुपए का इजाफा हुआ है। इसके दाम थोक में पहले 50 से 55 रुपए थे, जो अब 70 से 75 और चिल्हर में 75 से 80 रुपए हो गए हैं। जवां फूल चावल के दाम थोक में 90 रुपए से बढ़कर 120 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में दाम 130 रुपए है।

दालों में महंगाई का उबाल

दालों के दाम में भी महंगाई का उबाल आ गया है। सबसे ज्यादा बिकने वाली राहर दाल लंबे समय से अच्छी क्वालिटी की 100 से 110 रुपए थी, लेकिन अब इसके दाम 50 रुपए बढ़ गए हैं। थोक में इसके दाम 150 रुपए और चिल्हर में 160 रुपए हो गए हैं। इसी के साथ दूसरी दालों के दाम में भी इजाफा हो गया है। हमेशा 70 से 80 रुपए में बिकने वाली चना दाल के दाम थोक में ही 100 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम 110 रुपए हैं। उड़द दाल थोक में 140 और चिल्हर में 150 रुपए हो गई है। मूंग थोक में 120 और चिल्हर में 130 रुपए, देशी चना थोक में 85 रुपए और चिल्हर में 90 रुपए हो गया है।

पंजाब का हेरोइन चिट्टा तस्कर पुलिस गिरफ्त में

ग्राहक बनकर आकर एसीसीयू टीम ने पकड़ा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीसीयू टीम ने ग्राहक बनकर पंजाब से हेरोइन चिट्टा लाकर बेचने वाले तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 2 लाख 34 हजार की 11.73 ग्राम हेरोईन व 10 हजार 500 रुपए बिक्री रकम जब्त किया गया है। एसीसीयू टीम प्रभारी गोपाल सतपथी को सूचना मिली पंजाब का एक युवक उसलापुर में रहकर पंजाब से मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा लाकर शहर में खपा रहा है। टीम उसकी संदिग्ध गतिविधियों पर पिछले एक सप्ताह से नजर रख रही थी। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद युवक से ग्राहक बनकर हेरोइन का सौदा किया गया। युवक ने उन्हें हेरोइन लेने के लिए उसलापुर बाजार के पास बुलाया। टीआई सतपथी, अभिजीत डाहिरे, समर बहादुर सहित अन्य आटो से ग्राहक बनकर मौके पर गए और उसे पैसा दिखाकर हेरोइन की मांग की। युवक जैसे की हेरोइन चिट्टा निकालकर दे रहा था। टीम ने चारों तरफ से घेरकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम दीपक वालिया पिता कमलजीत सिंह वालिया 32 साल निवासी अमृतसर पंजाब हालमुकान उसलापुर वास्तु शिखर अपार्टमेंट निवासी होना बताया। कड़ाई बरतने पर उसने पंजाब से सस्ते में हेरोइन लाकर शहर में नशे के शौकीनों को अधिक कीमत में बेचने की जानकारी दी। उसके पास से 11.73 ग्राम हेरोइन चिट्टा व 10 हजार 500 रुपए बिक्री रकम जब्त किया गया है। जब्त हेरोइन चिट्टा की कीमत 2 लाख 34 हजार 600 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तस्कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

शिक्षिका से शादी कर 10 साल से रह रहा

टीआई सतपथी ने बताया, आरोपी दीपक वालिया पंजाब में कार इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। 10 साल पहले वह बिलासपुर आया और उसलापुर वास्तु शिखर अपार्टमेंट की शिक्षिका से प्रेम संबंध हो गया। शादी करने के बाद पिछले 10 साल से यहीं रह रहा है। वह पंजाब से हेरोइन लाकर शहर में खपाने का काम कर रहा था।

4 माह में चौथी कार्रवाई

पूर्व में एसीसीयू टीम ने चकरभाठा में कार में घूमकर हेरोइन बेचने वाले युवक को पकड़ा था। उसके बाद सिविल लाइन क्षेत्र में एक युवक को हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। उसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने अमेरी से नेहरू नगर जाने वाले सड़क में तिफरा की एक महिला को पकड़कर हेरोइन जब्त किया गया था।

रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चलेगा

केरेगांव रेंज में मिला मादा तेंदुए का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केरेगांव रेंज स्थित ग्राम बीजापुर के जामनाला के पास एक मृत मादा तेंदुआ का शव मिला है। शव सड़ चुका है। स्थिति को देखते हुए उसकी मौत 5 से 6 दिन पहले की होगी। तेंदुए की हालत देखकर वन विभाग इसे शिकार का मामला नहीं मान रहा है।

केरेगांव रेंज के ग्राम बीजापुर से एक किमी दूर जामनाला के पास मिले तेंदुए के शव की जांच वन विभाग कर रहा है। तेंदुए के पैर, नाखून, मूंछ, दांत और पूंछ सहित सभी अंग मौजूद पाए गए हैं। पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की माने तो पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के पेट में भोजन का कोई अंश नहीं मिला। इससे भूख से मरने की आशंका को भी नकारा नहीं जा सकता। धमतरी वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि केरेगांव रेंज में जामनाला के पास एक तेंदुआ का शव मिला है। शव लगभग सड़ चुका था। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। एनटीसीए प्रोटोकाल के तहत 3 डाक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया। विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आयेगी। उन्होंने बताया कि मृत तेंदुआ का दांत टूटा हुआ पाया गया था। बूढ़ा होने के कारण नेचुरल मौत भी हो सकती है।

कवर्धा शहर में फिर दिखा तेंदुआ, दो महीने के भीतर तीसरी बार दस्तक

कवर्धा। जंगल से निकलकर तेंदुए की बार-बार शहर में मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। शहर के मठपारा क्षेत्र में मठपारा के लकड़ी टाल के पास एक बार फिर तेंदुआ दिखाई दिया है। वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर उसकी गतिविधियों की जानकारी सामने आने के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। बताया जा रहा है कि पिछले दो महीनों में शहर में तेंदुए की मौजूदगी का यह तीसरा मामला है। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद अब वन विभाग की निगरानी और आगे की कार्रवाई पर लोगों की नजरें टिकी हैं। डीएफओ अग्रवाल के अनुसार, वीडियो रिकॉर्डिंग में मठपारा स्थित लकड़ी टाल के पास तेंदुआ दिखाई दिया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम उसकी गतिविधियों का पता लगाने में जुटी है।



बिल नहीं भरा तो कटा कनेक्शन एनएच-49 पर 25 दिन से अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर पिछले करीब 25 दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। शाम होते ही इस मार्ग करीब 35 किलोगीटर से अधिक का हिस्सा अंधेरे में डूब जाता है। इससे वाहन चालकों, दोपहिया सवारों और पैदल चलने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर रोशनी नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। हैरानी की बात यह है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने की वजह तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि करीब 17.50 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया होना है। भुगतान नहीं होने पर बिजली कंपनी ने कनेक्शन काट दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, एनएच-49 पर सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड यानी डीएलपी पूरी हो चुकी है। इसके बाद ठेकेदार ने बिजली बिल का भुगतान बंद कर दिया।

ठेकेदार का डीएलपी पूरा, बकाया भुगतान नहीं होने पर बिजली कंपनी ने काटा



राज्य स्तर से काटी गई बिजली

नेशनल हाई-वे में लगाई गई स्ट्रीट लाइट्स की बिल का भुगतान करीब 6 माह से नहीं किया गया था। इस बीच कई बार लंबित भुगतान अदा करने को लेकर नोटिस जारी किया गया था, लेकिन बिल की बकाया राशि जमा नहीं होने पर राज्य स्तर से ही एनएच-49 की बिजली काट दी गई है।

आरके राव, कार्यपालन अभियंता, सीएसईबी, रायगढ़

सड़क पार करते बुजुर्ग को ट्रक ने ठोका, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने दामाद के गांव आए बुजुर्ग व्यक्ति बीती रात पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान लापरवाही से भागती एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। नेशनल हाईवे में हुए इस घटना पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग साढ़े 11 बजे अंजोरा बायपास चौक के आगे प्रीती ढाबा के पास एक बुजुर्ग सड़क पार कर रहा था। इस दौरान लापरवाही से भागती एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बुजुर्ग को गंभीर चोंटे आई और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति हो गई थी। बताया गया कि मृतक की पहचान रात को नहीं हो पाई थी। पुलिस के प्रयासों से उक्त बुजुर्ग की शिनाख्ति आज हो पाई। हाईवे में बढ़ रही दुर्घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

मृतक दामाद के गांव आया हुआ था

पुलिस के अनुसार मृतक का नाम संतराम निषाद उम्र लगभग 65 वर्ष है, जो ग्राम सड़क चिरचारी चारभाठा थाना बागनदी का रहने वाला है। बताया गया कि उक्त बुजुर्ग अपनी बेटी दामाद के घर ग्राम मनकी आया हुआ था। सोमनी पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। उक्त घटना से मृतक के परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

पंडरिया ब्लॉक के दामापुर में शार्टकट के चक्कर में शिवगंगा एनीकट से जा रहे

नदी किनारे का हिस्सा बहने से बढ़ा खतरा, स्कूली विद्यार्थी जान जोखिम में डाल कर रहे एनीकट पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के अंतिम छोर में स्थित पंडरिया ब्लॉक के ग्राम दामापुर में एक जोखिम उठाने वाली तस्वीर सामने आई है। जिसमें स्कूली बच्चे जोखिम उठाकर शार्टकट रास्ता चुनने के फेर में एनिकट पार करते दिख रहे है। एनिकट में पानी भले नहीं है, लेकिन कटे हुए हिस्से में पानी भरा हुआ है, जिसे पार कर स्कूल आना जाना होता है। भले ही दूरी ज्यादा क्यों न हो, लेकिन बच्चों को इस शार्टकट रास्ते का उपयोग किया जाना बंद कराया जाना चाहिए। जब नदी में पानी कम हो जाए,तो भले ही पैदल आने-जाने के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है। दरअसल हाफ नदी के शिवगंगा में जर्जर और टूटे एनीकट को पार कर रोजाना दामापुर हायर सेकेण्डरी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी शार्टकट रास्ते के लिए पहुंचते है। ऐसा नहीं है कि नदी में पुल नहीं है,या आने जाने के लिए कोई मुख्य मार्ग न हो, रास्ता भी है, नदी में पुल भी है। लेकिन जिस गांव से इस रास्ते विद्यार्थी स्कूल आते है, उसकी दूरी दूसरे रास्ते से ज्यादा है, जिसके चलते वे शार्टकट रास्ता चुनते है। इसी कारण वे जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन स्कूल आते जाते है। जो कभी भी हादसे का रूप ले सकता है। क्योंकि यहां पर नदी का हिस्सा काफी गहरा है, अगर तैरना ना आए, तो जान के लिए खतरा बन सकता है।

अलग खबर



पक्के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग

यहां बताना लाजिमी होगा कि नदी पार करते समय कीचड़ में स्कूल ड्रेस खराब हो जाता है और पानी में भीग जाता है। पानी में भीगने के डर से बच्चे जूता-मोजा तक नहीं पहन पा रहे हैं। बारिश और पानी के बीच फिसलने या बहाव में बहने का खतरा हमेशा बना रहता है। दूसरा रास्ता चुनें तो करीब एक से दो किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। ग्रामीणों की परेशानी यह है कि हर साल एनीकट के दोनों छोर पर मिट्टी डालकर अस्थायी मरम्मत कर दी जाती है, लेकिन स्थायी और सुरक्षित व्यवस्था नहीं बनती।

MARUTI SUZUKI

NEXA

THE STUNNING NEW

BALENO

DARE TO GO GLAM



FRONT VENTILATED SEATS



*ADAS LEVEL 2



6 AIRBAGS



TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM



NEXA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT
TO A SHOWROOM NEAR YOU.

Creative visualisation. Accessories and features may vary across the vehicle variants. *ADAS features are for driver assistance only, the driver is responsible for safe and attentive driving.

चिंतन

डिजिटल दुनिया की बुनियादी कमजोरी उजागर, सुरक्षा जरूरी

डिजिटल क्रांति की चमक के पीछे छिपे गंभीर खतरे को नजरअंदाज करना अब भारी पड़ सकता है। जिस इंटरनेट को आधुनिक दुनिया की जीवनरेखा माना जाता है, उसकी बुनियाद में ही गंभीर कमजोरियां मौजूद हों तो सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज पीएचपी (हाइपरटेक्स्ट प्रीप्रोसेसर) में सामने आई खामी ने इसी खतरे की ओर ध्यान खींचा है। दुनिया की 70 प्रतिशत से अधिक वेबसाइटों की बुनियाद पीएचपी पर होने का दावा बताता है कि मामला किसी एक तकनीक तक सीमित नहीं है। यदि ऐसी खामियों का समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो वेबसाइटों, डिजिटल कारोबार और संवेदनशील जानकारियों पर साइबर हमलों का जोखिम बढ़ सकता है। आज दुनिया का बड़ा हिस्सा इंटरनेट पर निर्भर है। बैंकिंग से लेकर खरीदारी तक, सरकारी सेवाओं से लेकर समाचारों तक, हमारी रोजमर्रा की जिंदगी डिजिटल प्रणालियों के सहारे चल रही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस व्यवस्था पर करोड़ों लोग भरोसा कर रहे हैं, उसकी सुरक्षा की गारंटी कितनी मजबूत है? पीएचपी का इस्तेमाल लॉगिन व्यवस्था, ऑनलाइन दुकानों, डाटाबेस और समाचार वेबसाइटों के संचालन में होता है। इसकी किसी गंभीर खामी का फायदा उठाकर हमलावर वेबसाइटों के सर्वर तक पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में खतरा केवल तकनीकी गड़बड़ी का नहीं, बल्कि निजी जानकारी, कारोबारी गतिविधियों और डिजिटल सेवाओं में लोगों के भरोसे का भी है। इनका लाभ दुनिया भर की बड़ी कंपनियां और संस्थान भी उठाते हैं, मगर सुरक्षा सुधारों के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाने की जिम्मेदारी अक्सर स्पष्ट नहीं होती। एआई की मदद से शोधकर्ताओं द्वारा प्रोग्रामिंग कोड में छिपी खामियों का पता लगाना तकनीकी प्रगति का सकारात्मक पक्ष है। मगर यही क्षमता साइबर अपराधियों के हाथ लग जाए तो खतरे का दायरा भी बढ़ सकता है। इसलिए एआई को लेकर उत्साह के साथ सावधानी भी जरूरी है। तकनीक जितनी शक्तिशाली होगी, उसके दुरुपयोग को रोकने की तैयारी भी उतनी ही पुख्ता करनी होगी। केवल खामी सामने आने के बाद सक्रिय होना पर्याप्त नहीं है; संभावित कमजोरियों की पहचान और रोकथाम लगातार चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए। अब जिम्मेदारी तय करने का समय है। वेबसाइट संचालकों और कंपनियों को सुरक्षा अद्यतन तत्काल लागू करने, पुराने सॉफ्टवेयर की पहचान करने, नियमित सुरक्षा परीक्षण कराने और साइबर हमले की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकारों और साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी संस्थानों के बीच सूचना साझा करने तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना होगा। आम उपयोगकर्ताओं के लिए भी सतर्कता जरूरी है। अनजान वेबसाइटों पर संवेदनशील जानकारी देने से बचना, संदिग्ध लिंक नहीं खोलना और अपने उपकरणों तथा ब्राउजर को अद्यतन रखना समझदारी है। हालांकि, सर्वर से जुड़ी खामी का अर्थ यह नहीं कि हर व्यक्ति का मोबाइल या कंप्यूटर सीधे प्रभावित हो गया है। सच यह है कि डिजिटल दुनिया में सुविधा की रफ्तार सुरक्षा की तैयारी से आगे निकल गई, तो इसकी कीमत आम नागरिकों को अपनी निजता, धन और भरोसे से चुकानी पड़ सकती है। तकनीकी विकास का पैमाना केवल यह नहीं होना चाहिए कि कितनी सेवाएं ऑनलाइन आ गईं, बल्कि यह भी हो कि वे कितनी सुरक्षित हैं। डिजिटल क्रांति की सफलता वेबसाइटों की संख्या से नहीं, लोगों के भरोसे से तय होगी। सुरक्षा को बाद की मरम्मत नहीं, पहली शर्त बनाना ही समय की सबसे बड़ी मांग है।

आखिर! इन आंदोलनों में 'गांधी' कहां हैं?



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में इन दिनों सरकार विरोधी आंदोलनों की सरगर्मी है। पिछले दिनों फ्रांस, इटली, अल्बानिया , बेल्जियम, स्पेन और पुर्तगाल और सहित अनेक यूरोपीय देशों में युवा ईंधन की बढ़ती कीमतों, खस्ताहाल स्कूली शिक्षा और सार्वजनिक सेवाओं में गिरावट को लेकर सड़कों पर उतर आए थे। प्रदर्शनकारी छात्रों और युवाओं ने इन देशों के प्रमुख शहरों में जमकर तोड़फोड़, आगजनी और लूटपाट किया। दरअसल छात्रों और युवाओं के सरकार विरोधी प्रदर्शनों की शुरुआत श्रीलंका , बांग्लादेश, नेपाल, इंडोनेशिया और पेरु से हुई थी जिसे ' जेन- जी प्रोटेस्ट ' नाम दिया गया। डिजिटल मीडिया के जरिए वैचारिक क्रांति करने वाली यह पीढ़ी अपने देश के सरकारों के भ्रष्टाचार, भाई - भतीजावाद, महंगाई , बेरोजगारी और असमानता के खिलाफ लगातार अपना आक्रोश जताते रहे हैं।

श्रीलंका सहित अन्य देशों में 'जेन -जी ' का सरकार के खिलाफ जब यह गुस्सा सड़कों पर उतरा तो उसने अपने ही देश के संसद, सुप्रीम कोर्ट, बैंक और सरकारी भवनों पर कब्जा कर इसे आग के हवाले कर दिया। इस प्रोटेस्ट के बाद सभी मुल्कों के राष्ट्राध्यक्षों को इस्तीफा देना पड़ा या अन्य देशों में शरण लेना पड़ा। बहरहाल अब बात भारत की करें तो इस साल के जून-जुलाई में नीट - यूजी पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर डिजिटल मीडिया पर बनी कॉकरोच जनता पार्टी 'सीजेपी' का जबरदस्त प्रोटेस्ट हुआ।इस प्रदर्शन में प्रोटेस्टर्स हाथ में तिरंगा, महात्मा गांधी और भगतसिंह के प्लेकार्ड थामे अपने प्रदर्शन को गांधीवादी आंदोलन का नाम देते नजर आए । यह अपनी तरह का पहला आंदोलन था जिसमें जहां एक ओर देश के सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक गांधी के अमोघ अस्त्र 'अनशन ' करते देखे गए तो दूसरी ओर इसी प्रदर्शन में शामिल प्रोटेस्टर्स, यूट्यूबर्स और इन्फ्लूएंसर्स गांधी के 'वाणी के अनुशासन' का व्रत तोड़ते दिखाई दिए। बेशक देश के छात्र और युवा इन दिनों भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, परीक्षा में अनियमितताओं , महंगाई, हिंसा और अन्याय जैसे मुद्दों से जूझ रहे हैं। यह भी सच है कि देश के संविधान में आम नागरिकों को सत्ता के खिलाफ असहमति की अभिव्यक्ति और आंदोलन का मौलिक अधिकार है लेकिन इसकी भी एक लक्ष्मण रेखा है।

गौरतलब है कि प्रोटेस्ट के मंच पर गांधी और भगत सिंह के तस्वीरें रखकर हो रहे सीजेपी और वामपंथी छात्र संगठन ' आईसा' के इस विरोध- प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया में कुछ प्रदर्शनकारियों जिसमें युवतियां भी शामिल थीं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए वीडियो और पोस्टर वायरल हुआ। प्रोटेस्ट के आखिरी दिन 20 जुलाई को 'संसद मार्च ' के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जमकर झड़प और सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। 'जेन - जी ' के इस प्रोटेस्ट को गांधीवादी ठहराने वालों से सवाल यह कि क्या महात्मा गांधी ने असहमति की अभिव्यक्ति के लिए हिंसा और आगजनी को उचित ठहराया था? क्या कभी गांधी ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफत के लिए सड़कों पर अराजकता का समर्थन किया था? बेशक नही।



महात्मा गांधी युवाओं को राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त वाहक मानते थे लेकिन वे हमेशा ध्यान रखते थे कि युवा हिंसा की राह पर न जाएं बल्कि वे वाणी के अनुशासन को सबसे बड़ा व्रत मानते थे। देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधी की अगुवाई में हुए असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन, दांडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन में छात्रों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। लिहाजा गांधी के नाम पर अनशन और प्रदर्शन करने वालों को चिंतन करना होगा कि प्रतिरोध की आवाज में आखिर! गांधी का संदेश कहां विलुप्त हो गया?

इस बीच एक राष्ट्रीय अखबार में मुख्य चुनाव आयुक्त 'सीईसी' और अन्य दोनों चुनाव आयुक्तों के बीच मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 'एसआईआर' को लेकर कथित मतभेद और मनमानी की रिपोर्ट छपने के बाद देश में एक बार फिर से विभिन्न पार्टियों और संगठनों के रैलियों और विरोध प्रदर्शनों की बाढ़ आ गई है। विपक्षी राजनीतिक दल से लेकर छात्र - युवा, एक्टिविस्ट, किसान और सामाजिक कार्यकर्ता 'सीईसी' ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन करने वाले लोग जहां इन विरोध - प्रदर्शनों को महात्मा गांधी के /"सत्याग्रह/" का नाम दे रहें तो कुछ लोग इसे ' गांधीवादी आंदोलन ' बताने में जुटे हैं। विरोध - प्रदर्शनों के इस दौर में कुछ आंदोलनकारी महात्मा गांधी की समाधि ' राजघाट ' पर भी बापू के भजन गाते और नतमस्तक होते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय यूट्यूबर और एक्टिविस्ट ध्रुव राठी अपने ही देश के अंदरूनी मुद्दे को लेकर लंदन के पार्लियामेंट स्क्वेयर में महात्मा गांधी के प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन करते देखे गए।देश के विभिन्न शहरों में चल रहे आंदोलनों में प्रदर्शनकारी हाथ में गांधी के प्लेकार्ड या बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के पोस्टर और संविधान की किताब पकड़े दिखाई दे रहे हैं। बहरहाल अब बात गांधी के नाम पर हो रहे हालिया सत्याग्रह और आंदोलनों पर गौर करें तो हमें इतिहास पर झांकना होगा। महात्मा गांधी के अगुवाई में हुए असहयोग आंदोलन के दौरान 4 फरवरी 1922 में चौरी चौरा में प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस चौकी में आगजनी करने और इस घटना में 22 पुलिसकर्मियों और 3 नागरिकों के मारे जाने पर गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया था। इस लिहाज से सीजेपी के प्रोटेस्ट को गांधीवादी आंदोलन बताने वालों को एक बार फिर से गांधी को पढ़ने और समझने की जरूरत है।

विचारणीय है कि इन महापुरुषों के अगुवाई में हुए विरोध - प्रदर्शनों में उग्रता और हिंसा की बात छोड़िए कभी भी असभ्य या अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया। भले ही आंदोलनों में उग्र नारों का जरूर उपयोग हुआ लेकिन आंदोलनकारियों के व्यवहार की मर्यादा रही है। इक्कीसवीं सदी के भारत में भी 2011 में सुप्रसिद्ध गांधीवादी अन्ना हजारे के अगुवाई में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनलोकपाल विधेयक की मांग को लेकर ' अन्ना आंदोलन ' तथा 2012 में दिल्ली के पैरामेडिकल छात्रा निर्भया के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के विरोध में ' निर्भया आंदोलन ' हुआ था। इन दोनों आंदोलनों को छात्रों और युवाओं ने खूब ताकत दिया तथा सोशल मीडिया के जरिए आंदोलन को व्यापक फैलाव मिला। दरअसल यह पहला मौका था जब देश के राजनेताओं को सोशल मीडिया के ताकत और सार्थकता का अहसास हुआ।

बहरहाल अब हालिया विरोध - प्रदर्शनों को 'सत्याग्रह' की कसौटी पर परखें तो यह गांधी के विचार और दृढ़ता से कोसों दूर हैं। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का अर्थ ' सत्य के लिए आग्रह ' बताया था जिसमें अहिंसक प्रतिरोध और सविनय अवज्ञा का सिद्धांत निहित है। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का उद्देश्य विरोधी को शत्रु नहीं बल्कि मित्र और भाई मानते हुए अन्याय करने वाले व्यक्ति या व्यवस्था का हृदय परिवर्तन बिना किसी हिंसा या द्वेष के करना बताया है। गांधी के सत्याग्रह में प्रदर्शनकारियों के लिए अहिंसा, न्याय के लिए सच्चाई के साथ खड़ा रहना, अन्याय का सामना करते हुए स्वयं को को कष्ट सहने का भाव और निडरता बताया गया है। वर्तमान आंदोलनों को देखें तो राजनीतिक दलों से लेकर ' जेन- जी प्रोटेस्ट' सहित सभी विरोध प्रदर्शन गांधी के विचारों और तौर-तरीकों से बहुत दूर हैं। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन में अनेक सत्याग्रह किया जिसमें उन्होंने अहिंसा के बलबूते अंग्रेजी हुकूमत को अपने अन्यायपूर्ण कदम वापस लौटाने को मजबूर कर दिया। गांधी में सत्य और अहिंसा के प्रति इतना आत्मविश्वास था कि उन्होंने कभी भी ब्रिटिश हुकूमत से माफी नहीं मांगी बल्कि कानून तोड़ने पर जुर्म कबूल कर जेल जाना मंजूर किया। इसके उलट गांधी के नाम पर विरोध प्रदर्शन करने वाले संगठनों के नेता आए - दिन पुलिस के सामने बांड भरकर पुलिस हिरासत या जेल से रिहा हो रहे हैं या माफीनामा लिख रहे हैं।

अलबत्ता महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के बलबूते संघर्ष के जिजीविषा का परिणाम था कि महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने उनके बारे में कहा था कि /"आने वाली नस्लें शायद मुश्किल से ही विश्वास करेंगी कि हाड़-मांस से बना कोई ऐसा व्यक्ति भी धरती पर चला - फिरा था।' गांधी जहां विरोध - प्रदर्शनों में अहिंसा और मर्यादा के पक्षधर थे वहीं उनका मानना था कि सरकार का कर्तव्य होता है कि वह जनता की आवाज सुने, संवाद करे और अन्यायपूर्ण कानून को बदलें। लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में सत्ता के खिलाफ असहमति और आंदोलन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है लेकिन यह अहिंसक और मर्यादित होना चाहिए। इसी तरह संवाद भी लोकतंत्र की आत्मा है लिहाजा सरकारों को भी गांधी के विचारों के अनुरूप जनता के साथ संवाद के दरवाजे हमेशा खुला रखना चाहिए। इतिहास गवाह है कि भारत में जितने भी आंदोलन और विरोध - प्रदर्शन हुए हैं उनका समाधान सिर्फ संवाद और अहिंसा के जरिए ही संभव हुआ है लिहाजा आज सभी पक्षों को गांधी के विचारधारा को आत्मसात करने की जरूरत है।

सारा संसार



अगर आप द्वारकादीश मंदिर जा रहे हैं, तो यहां के इस्कॉन मंदिर के दर्शन भी जरूर करें। भगवान कृष्ण और देवी राधा की आवास मूर्तियों को समृद्ध परिधानों में लिपटा हुआ और फूलों से अलंकृत किया गया, यह पूरी तरह से पत्थर से निर्मित मंदिर है। इसकी भव्यता देखते ही बनती है।

मन का मौन

डॉ. बलवीर आचार्य




अभ्यास और वैराग्य का पथ

मानसिक एकाग्रता, आत्मिक शान्ति तथा अन्तर्मुखी जीवन के लिए मन का मौन अत्यन्त आवश्यक है। सामान्यतः मौन का अर्थ केवल वाणी का संयम समझा जाता है, किन्तु योग और अध्यात्म की दृष्टि से वास्तविक मौन मन की चंचल वृत्तियों का शान्त होना है। मुख से शब्दों के उच्चारण को रोक देना अपेक्षाकृत सरल है, परन्तु मन में निरन्तर उठने वाले विचारों, कल्पनाओं और संकल्प-विकल्पों के प्रवाह को नियंत्रित करना एक गम्भीर साधना का विषय है। मन की चंचलता और नियन्त्रण का उपाय : मन स्वभाव से ही चंचल, प्रमाथी और बलवान है। इसी यथार्थ को स्वीकार करते हुए अर्जुन ने श्रीकृष्णा से कहा था कि मन को वश में करना वायु को रोकने के समान कठिन है। इसके उत्तर में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मन निस्सन्देह चंचल है, किन्तु 'अभ्यास' और 'वैराग्य' के द्वारा इसे नियंत्रित किया जा सकता है (गीता 6.35)। आगे वे स्पष्ट करते हैं कि असंयमित मन वाले व्यक्ति के लिए मानसिक शान्ति प्राप्त करना कठिन है, किन्तु जिसने अपने मन को साध लिया है, वह निरन्तर पुरुषार्थ द्वारा उसे अवश्य प्राप्त कर लेता है (गीता 6.36)। महर्षि पतञ्जलि ने भी योगदर्शन में इसी सत्य का प्रतिपादन किया है। समाधि पाद के सूत्र 1.12 में वे कहते हैं- 'अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः' अर्थात मन के व्यापार का निरोध अभ्यास और वैराग्य से ही सम्भव है। निरन्तर सजगता, ध्यान और आत्मनिरीक्षण का अभ्यास मन को स्थिरता प्रदान करता है, जबकि विषयों के प्रति अनासक्ति और मोह का क्षय वैराग्य को विकसित करता है। इन दोनों के समन्वय से मन का कोलाहल शान्त होने लगता है और साधक आन्तरिक मौन का अनुभव करता है। आन्तरिक मौन और साक्षीभाव : मन का मौन विचारों के पूर्ण अभाव का नाम नहीं है, अपितु विचारों से असंग (अलिप्त) रहने की क्षमता का नाम है। इस अवस्था में साधक अपने भीतर उठने वाली मानसिक तरंगों का केवल साक्षी बना रहता है; वह उन्हें देखता है, किन्तु उनसे अपना तादात्म्य (जुड़ाव) स्थापित नहीं करता। यही साक्षीभाव मानसिक सन्तुलन, भावनात्मक परिपक्वता और आत्मिक प्रसन्नता का मूल आधार बनता है। वास्तव में मन ही हमारी इंद्रियों और कर्मों का नियामक है। मन की स्थिति के अनुसार ही व्यक्ति का व्यवहार, निर्णय और जीवन-दृष्टि निर्मित होती है। जब मन वासनाओं, राग-द्वेष और असंख्य इच्छाओं से व्याकुल रहता है, तब जीवन में तनाव, अशान्ति और असन्तोष बढ़ते हैं। इसके विपरीत, जब मन अभ्यास और वैराग्य के द्वारा संयमित हो जाता है, तब भीतर स्थिरता, विवेक और सहज आनन्द का उदय होता है। मन के मौन की अनिवार्यता- आज के यांत्रिक और तनावपूर्ण जीवन में मन का मौन केवल एक आध्यात्मिक आवश्यकता ही नहीं, अपितु मानसिक स्वास्थ्य की भी अनिवार्य शर्त है। ध्यान, जप, स्वाध्याय तथा आत्मचिन्तन के माध्यम से मन क्रमशः बाह्य आकर्षणों से हटकर अपने मूल स्वरूप की ओर उन्मुख होता है। यह स्थिति व्यक्ति को संसार के परिवर्तनशील अनुभवों के मध्य भी आन्तरिक सन्तुलन बनाए रखने की अपार शक्ति प्रदान करती है। अतः मन का मौन संसार से कोई पलायन नहीं, अपितु आत्मचेतना की एक उच्च अवस्था है। गीता के अनुसार यह अभ्यास और वैराग्य से प्राप्त होता है तथा योगदर्शन के अनुसार यही मन की शान्ति का सच्चा मार्ग है। जब मन की अशान्त तरंगें शान्त होने लगती हैं, तब साधक अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करता है और स्थायी शान्ति, आनन्द तथा आध्यात्मिक उत्कर्ष की दिशा में निरन्तर अग्रसर होता है।

(लेखक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

समत्वं योग उच्यते



संकलित

दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ -जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित

प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान दें सरकारें

सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पढ़ाई के साथ-साथ इनके कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप शुरू की है। इसके लिए सरकार ने कुछ बड़ी कंपनियों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन कंपनियों में विद्यार्थियों को अपने कैरियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से खर्च भी करेगी अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे, ऐसा करके या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा सकेंगे। यह योजना तभी कामयाब होगी जब कंपनियां इस योजना को सही तरीके से अमल में लाएंगी। रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान देने की जरूरत है। - *चंदन अग्रवाल, रायगढ़*

ट्रेंड

अभद्र टिप्पणी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज पटना में मोदी जी के पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी करके मर्यादा की सारी हदें पार कर दी हैं। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस पार्टी ने मोदी जी या उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। -**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

वोट चुराए जा रहे



हमारे वोट चुराए जा रहे हैं, और हम किसी भी हाल में इसे चुपचाप बर्दाश्त नहीं करेंगे। वोटर लिस्ट से नाम हटा दिए गए हैं। नियमों और कानूनों को तोड़ा गया है। और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलाई गई हैं। अब देश इसका जवाब देगा।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

भ्रष्टाचार का मामला



यूपी के नगर निकाय के उच्च अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि कुछ लोग बिना पैसे जमा किए खुलेआम पोस्टर लगवा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है- यह या तो भ्रष्टाचार का मामला है या फिर प्रशासन के दबाव का।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

कांग्रेस की बढ़ती हताशा



कांग्रेस पार्टी की प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति नफरत सभी को पता है। इसी नफरत भरी मानसिकता को आगे बढ़ाते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष खड़के जी ने प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता के बारे में जो अभद्र टिप्पणी की है, वह कांग्रेस की बढ़ती हताशा को दर्शाती है।

- **धर्मेन्द्र प्रधान,** सांसद, बीजेपी

करंट अफेयर

पाक ने ईरान से सटे प्रमुख सीमा मार्ग को फिर खोला



पाकिस्तान ने द्विपक्षीय व्यापार और सीमा पार आवाजाही फिर से शुरू करने के लिए ईरान से सटा एक प्रमुख सीमा मार्ग खोल दिया है। सीमा के एक सप्ताह तक मार्ग बंद रहने के कारण मालवाहक वाहन फंसे हुए थे, आपूर्ति बाधित हो गई थी और सर्दियों की शुरुआत से पहले एलपीजी की कमी की आशंका बढ़ गई थी। खबर के अनुसार, बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में गब्द-रिमदान सीमा मार्ग पर शनिवार को व्यापारिक गतिविधियां फिर शुरू हो गईं और सीमा अधिकारियों ने 16 अक्टूबर या उससे पहले की तारीख के माल भेजने संबंधी दस्तावेजों के साथ आने वाली वाणिज्यिक खेपों को सीमा पार करने की अनुमति दी है। ग्वादर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष मीर नवीद जान कलमाती ने पुष्टि की कि ' गेट 250' के नाम से भी जाने जाने वाले इस सीमा मार्ग को फिर से खोल दिया गया है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने गब्द-रिमदान में ईरान के साथ अपनी सीमा खोल दी है और सामान से लदे ट्रकों तथा अन्य वाहनों को दोनों देशों के बीच आवाजाही की अनुमति दे दी है।' उन्होंने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सीमा पार व्यापार बहाल होने से दोनों ओर फंसे व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को तत्काल राहत मिलेगी।

ऑफ बीट

अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है



अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



किंग में शाहरुख के खूंखार लुक ने मचाया तहलका

मुंबई। शाहरुख खान की धमाकेदार वापसी होने वाली है। 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली उनकी एक्शन फिल्म 'किंग' के 17 सेकंड के नए टीजर में वे काफी रफ और खूंखार लुक में नजर आ रहे हैं। 'किंग' के नए वीडियो में शाहरुख खान के बाल सफेद-काले हैं, होंठ से खून बह रहा है और उन्होंने अपने दांतों के बीच 'किंग ऑफ स्पेड्स' यानी हुकुम का इक्का कार्ड दबा रखा है। काउंटडाउन वीडियो के आखिर में लिखा आता है- 'पिक्चर अभी बाकी है!' जो उनकी फिल्म 'ओम शांति ओम' के उस यादगार डायलॉग की याद दिलाता है। 'किंग' के नए काउंटडाउन वीडियो में आपको शाहरुख खान का खूंखार लुक देखने को मिलेगा।

लाइफ Style

अदिति

अदाकारी के साथ ग्लैमर्स का बिखेरा जलवा

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म गजब रात को रिलीज किया गया। क्राइम थ्रिलर के तौर पर गजब रात की सिनेमाई गलियारे में खूब चर्चा हो रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ठीक उसी तरह से इस ओटीटी मूवी में महिला पत्रकार आर्या साहनी का किरदार निभाने वाली अदाकारा का नाम भी लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। फिल्म गजब राज को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। साथ ही जिस तरह से इस मूवी में आर्या साहनी का किरदार अभिनेत्री अदिति संध्या शर्मा ने निभाया है, उसकी भी प्रशंसा हर कोई कर रहा है। अदिति ने अपनी शानदार अदाकारी के साथ-साथ ग्लैमर्स का जलवा भी बखूबी बिखेरा है।गजब रात में अदिति महिला पत्रकार आर्या साहनी के मजबूत कैरेक्टर में नजर आई हैं और इस ओटीटी मूवी की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। आपको बता दें कि अदिति रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वालीं और फिल्मी दुनिया में कदम रखने से वह मिसे छत्तीसगढ़ का ब्यूटी कॉन्सेस्ट अपने नाम कर चुकी हैं। फिल्म गजब रात से पहले वह अभिनेता शाहिद कपूर की क्राइम थ्रिलर देवा में अहम किरदार निभाते हुई नजर आई हैं। इसके अलावा सुपरस्टार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर में भी अदिति मौजूद रहीं। इतना ही नहीं वह रणबीर सिंह के साथ एक टीवी ऐड में दिखाई दे चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला




स्विफ्ट-केल्सी के तलाक पर ली चुटकी

नई दिल्ली। एक लाइक ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट के पति ट्रैविस केल्सी ने 'सैटरडे नाइट लाइव' शो में शेन गिलिस के उस मोनोलॉग को क्लिप को लाइक किया है, जिसमें उन्होंने महिलाओं के जिम में पहनावे को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस वायरल क्लिप के बाद शेन गिलिस को काफी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। अब हाल ही 'बारस्टूल स्पोर्ट्स' ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी को लेकर सिंगर टेलर स्विफ्ट पर निशाना साधते हुए ट्रैविस केल्सी के साथ उनके तलाक को लेकर मजाक उड़ाया।



डेनियल की जगह लेने की रेस में शामिल दो सितारे

नई दिल्ली। 15 साल के लंबे सफर में डेनियल क्रेग ने लगभग 5 फिल्मों में जेम्स बॉन्ड का किरदार अदा किया। हॉलीवुड अभिनेता को इस भूमिका में इतना प्यार मिला कि जब डेनियल ने 'नो टाइम टू डाई' के बाद जेम्स बॉन्ड को अलविदा कहा तो फैंस का दिल टूट गया। जेम्स बॉन्ड के आइकॉनिक किरदार के लिए अमेजन एमजीएम स्टूडियो एक लंबे समय से नए चेहरे की तलाश कर रहा था। दुनिया के मोस्ट फेमस जासूस जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए कई बड़े हॉलीवुड एक्टर्स में होड़ है। रिपोर्ट्स की मानें तो रॉम-कॉम 'वन नाइट ओनली' में नजर आए 'कैलम टर्नर' और 'स्लो हॉर्सेस' के अभिनेता 'जैक लोडेन' जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में सबसे आगे हैं, जिनका इस किरदार के लिए स्क्रीन टेस्ट हो रहा है। ये स्क्रीन टेस्ट लंदन में इस वीकेंड पर हो रहा है।



'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी राशि


मुंबई। साउथ की चर्चित अभिनेत्री राशि खन्ना जल्द ही अक्षय कुमार की फिल्म 'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग उन्होंने पूरी कर ली है और सेट से कुछ झलकियां शेयर करते हुए खुशी जताई है। राशि खन्ना ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। साथ ही लंबा नोट लिखा है। राशि ने लिखा है, 'हर फिल्म की एक कहानी स्क्रीन पर होती है, लेकिन कभी-कभी असली मजा तब आता है, जब कैमरा चल नहीं रहा होता'। अभिनेत्री ने आगे लिखा है,'फिल्म 'मौजा ही मौजा' उन शूट्स में से एक था, जो काम से ज्यादा छुट्टी जैसा लगा। बिना रुके हंसी से लेकर लूडो गेम्स, डंब चारेड्स, कैरम मैच और बीच-बीच में होने वाले सारे पागलपन तक, कभी कोई पल बोरिंग नहीं था'।



रामायण का नया गाना मंगल रंग जारी

मुंबई। अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का नया गाना 'मंगल रंग' रविवार को रिलीज हो गया है। इसमें दर्शकों को भगवान राम और माता सीता के रूप में रणबीर कपूर और साई पल्लवी की झलक देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने आवाज दी है। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है। गाने के बोल कुमार विश्वास ने लिखे हैं। इससे पहले चेन्नई में हुए एक लॉन्च इवेंट में भी इस गाने को दिखाया गया था, जहां इसके संगीत और दृश्यों ने लोगों में काफी उत्साह पैदा किया। 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही इस फिल्म में 'मंगल रंग' एक और शानदार संगीतमय आकर्षण जोड़ता है। 25 अक्टूबर को जारिए किए गए 'मंगल गीत' गाने में राम और सीता के विवाह को दर्शाया गया है।

टीवी मसाला



करण के शो पर पहुंचे वरुण जान्हवी, अर्जुन भी देंगे दिखाई

नई दिल्ली। करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9' काफी सुर्खियों में बना हुआ है। अभी तक इसके दो एपिसोड आ चुके हैं। पहले एपिसोड में सलमान खान बतौर गेस्ट नजर आए थे और दूसरे एपिसोड में विजय और रश्मिका की जोड़ी दिखाई दी थी। वहीं, अब इसके तीसरे एपिसोड में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आने वाले हैं। दोनों करण के साथ जमकर मस्ती करते दिखाई देंगे। शो के प्रोमो में वरुण और जान्हवी एक-दूसरे की टांग खींचने के साथ करण जौहर का भी मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अर्जुन कपूर की सरप्राइज एंट्री ने इस एपिसोड को और भी मजेदार बना दिया है। शो के प्रोमो में देखने को मिला कि वरुण और जान्हवी उस समय को याद करते हैं, जब करण जौहर ने दोनों से बात करना बंद कर दिया था। जान्हवी बताती हैं कि उस दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वहीं वरुण, करण को 'बहुत ड्रामेबाज' बताते हैं। इतना ही नहीं, वरुण, करण की नकल भी उतारते हैं और उनकी तुलना फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के अमिताभ बच्चन के किरदार से कर देते हैं। वरुण मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'आप केअजी वाले बच्चन बन गए थे... मैं बड़ा हूं, मुझे हक है।' शो में मस्ती का सिलसिला यहीं खत्म नहीं होता। अर्जुन कपूर भी सरप्राइज एंट्री करते हैं। रैपिड फायर राउंड के दौरान जब करण करियर और शादी से जुड़े सवाल करते हैं, तो दोनों में वरुण धवन, अर्जुन कपूर का नाम लेते हैं। वहीं, जान्हवी कपूर एक मजेदार खुलासा करती हैं।

गर्लफ्रेंड काशवी ने स्काउट को लताड़ा

नई दिल्ली। सलमान खान का शो बिग बॉस 20 काफी चर्चा में है। इस बार शो के वीकएंड का वार को सलमान खान के बजाए निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी ने होस्ट किया है। शेट्टी ने स्काउट और लव गिल को 'ब्लैकेट मसाज' के लिए फटकार लगाई। शो में स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी पहुंचीं। वह स्काउट पर काफी नाराज हुईं। वीकएंड का वार का एक प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी बिग बॉस के घर में आती हैं। वह स्काउट से पूछती हैं कि मसाज पार्लर कैसा चल रहा है। इसके बाद वह लव गिल से कहती हैं कि क्या सच में आप अपने मुंह बोले भाइयों के साथ ऐसा करती हो? इस पर लव गिल कहती हैं कि मेरे लिए यह नॉर्मल था क्योंकि मुझे दर्द हो रहा है।



परिणीति की सीरीज से हटाए गए अनूप के एक्शन सीन

अभिनेता अनूप सोनी हाल ही में नेटफ्लिक्स की मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज 'शक: ट्रस्ट नो वन' में नजर आए थे। इस सीरीज में परिणीति चोपड़ा और जेनिफर विंगेट भी अहम भूमिकाओं में थीं। शो में इंस्पेक्टर खुराना का किरदार निभाने वाले अनूप सोनी ने अब अपने कुछ सीन डिलीट किए जाने पर निराशा जाहिर की है।

मुंबई। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपने डिलीट हुए सीन के वीडियो शेयर किए और बताया कि ऐसे सीक्वेंस तैयार करने में कितनी मेहनत लगती है, लेकिन कई बार इन्हें फाइनल कट में जगह नहीं मिल पाती। अनूप सोनी ने इंस्टाग्राम पर सीरीज से हटाए गए कुछ एक्शन सीक्वेंस की झलक दिखाई है।

एक वीडियो में घायल अनूप सोनी पर उनके को-स्टार विक्की अरोड़ा हमला करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद एक सीन में अनूप उनका गला दबाते दिखाई देते हैं। वहीं, दूसरे वीडियो में एक्टर की कमर पर कैमरा बंधा हुआ है और वह हांफते हुए नजर आ रहे हैं। इन सीन्स को शूट करने के लिए एक्टर ने काफी मेहनत की थी, लेकिन इन्हें सीरीज के फाइनल वर्जन में शामिल नहीं किया गया। इन वीडियो को शेयर करते हुए अनूप सोनी ने लिखा, 'शक से खुराना साहब के कुछ ऐसे सीक्वेंस, जो फाइनल वर्जन का हिस्सा नहीं बन पाए। ऐसे



सीक्वेंस तैयार करने में काफी सोच-विचार, समय, मेहनत और संसाधन लगते हैं। इसमें राइटर्स, डायरेक्टर, एक्शन कोरियोग्राफर, एक्टर्स, सिनेमैटोग्राफर, प्रोड्यूसर और पूरी क्रू टीम का योगदान होता है।' हालांकि, अनूप सोनी ने यह भी माना कि फिल्म मेकिंग में इस तरह के फैसले लेना आम बात है। उन्होंने आगे लिखा, 'जब कोई सीक्वेंस फाइनल कट में जगह नहीं बना पाता, तो थोड़ी निराशा जरूर होती है।

म्यूजिकल लव स्टोरी में आदित्य संग रोमांस करेंगी तारा, पहली बार साथ आएंगे नजर

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और अभिनेत्री तारा सुतारिया जल्द ही बड़े पर्दे पर स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों फिल्म निर्माता भूषण कुमार की आगामी इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में लीड रोल प्ले करते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप मिलन जावेरी करेंगे। वहीं, शिव चानना को-प्रोड्यूसर के तौर पर फिल्म से जुड़े हैं।

नई दिल्ली। यह फिल्म प्यार, भावनाओं और संगीत से भरपूर होने वाली है। खास बात यह है कि दर्शकों को आदित्य और तारा की नई ऑनस्क्रीन जोड़ी देखने को मिलेगी। आदित्य रॉय कपूर बॉलीवुड में अपनी रोमांटिक फिल्मों के लिए खास पहचान रखते हैं।



'आशिकी 2' जैसी फिल्म में उनके अभिनय और रोमांटिक अंदाज को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वहीं तारा सुतारिया भी अपनी खूबसूरती, अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। ऐसे में दोनों को एक इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में साथ देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। इस प्रोजेक्ट में तारा 'मरजावां' के बाद भूषण कुमार और मिलाप मिलन जवेरी के साथ फिर से काम कर रही हैं । उन्होंने पहले भी टी-सीरीज के साथ 'एक विलेन रिटर्न्स' में काम किया था और अब यह बैनर के साथ उनका तीसरा काम है। एक रॉ और इमोशनल लव स्टोरी के सेंटर में, इस फिल्म का मकसद लड़ाई और हाई-स्टेक ड्रामा के बैकग्राउंड में रोमांस को दिखाना है। निर्माताओं की योजना के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होगी और इसे 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल फिल्म के आधिकारिक नाम और रिलीज डेट की घोषणा होना बाकी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आदित्य रॉय कपूर और तारा सुतारिया की यह नई रोमांटिक जोड़ी बड़े पर्दे पर दर्शकों का दिल जीतने में कितनी सफल होती है।

महिला किरदारों ने दिखाई ताकत, दर्शकों ने अपनाईं ये महिला केंद्रित फिल्में

मदर इंडिया से नई नवेली तक, कहीं जिद तो कहीं हौसले की उड़ान

नई दिल्ली। यामी गौतम स्टारर फिल्म 'नई नवेली' ने आठ दिनों में दुनियाभर में करीब 30 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह मूवी 'प्रहार' जैसी फिल्मों को टक्कर दे रही है। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अभिनेत्री ने मोहिनी नाम की रहस्यमयी बहू का किरदार निभाया है, जिसे देखने के बाद डर का माहौल बनने लगता है। ऐसे में फिल्म की कहानी, कमाई और एक्ट्रेस के अभिनय ने इसे एक बार फिर बॉलीवुड की महिला प्रधान फिल्मों को चर्चा में ला दिया है। कभी हीरो के नाम पर टिकट बेचने वाली इंडस्ट्री में अब अभिनेत्रियां भी अपने दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही हैं। ऐसे में आइए इस फिल्म के साथ-साथ अब जानते हैं उन चर्चित वुमन सेंट्रिक फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल करने के साथ महिला किरदारों की ताकत भी दिखाई।



मदर इंडिया : नरगिस स्टारर 'मदर इंडिया' भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार महिला प्रधान फिल्मों में शामिल है। महबूब खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म राधा नाम की महिला की कहानी है, जो गरीबी, कर्ज और सामाजिक मुश्किलों के बीच अपने बच्चों की परवरिश करती है। पति के साथ छोड़ जाने के बाद भी राधा हार नहीं मानती और अकेले अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाती है। फिल्म में एक मां के संघर्ष, स्वाभिमान और न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाया गया है। कहानी में ऐसा मोड़ भी आता है, जब राधा को अपने बेटे के खिलाफ कठोर फैसला लेना पड़ता है। नरगिस के दमदार अभिनय ने इस किरदार को अमर बना दिया। 'मदर इंडिया' सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी थी।

मिर्च मसाला : केतन मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिर्च मसाला' महिलाओं के साहस, आत्मसम्मान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की कहानी है। फिल्म में स्मिता पाटिल ने सोनबाई का किरदार निभाया है, जो एक ताकतवर सूबेदार की बुरी नजरों का शिकार होती है। हालांकि, वह उसके सामने झुकने के बजाय उसका डटकर मुकाबला करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक महिला अपने सम्मान की रक्षा के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच और पुरुष प्रधान व्यवस्था को चुनौती देती है। यह फिल्म महिला एकजुटता और सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देती है।

दामिनी : राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'दामिनी' एक ऐसी महिला की कहानी है, जो सच और इंसाफ के लिए अपने परिवार और समाज के खिलाफ खड़ी हो जाती है। फिल्म में मीनाक्षी शेषाद्रि ने दामिनी का किरदार निभाया है। दामिनी अपने घर में काम करने वाली एक युवती के साथ हुए दुष्कर्म की गवाह बनती है और उसे न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है। इस लड़ाई में उसे कई मुश्किलों, धमकियों और पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन वह हार नहीं मानती। यह फिल्म महिलाओं के साहस, न्याय और सच्चाई के लिए लड़ने की ताकत को दर्शाती है।

इंग्लिश विंग्लिश : श्रीदेवी स्टारर 'इंग्लिश विंग्लिश' एक साधारण गृहिणी के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की खूबसूरत कहानी है। गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी ने शशि नाम की महिला का किरदार निभाया है, जो अपने परिवार का पूरा ध्यान रखती है, लेकिन अंग्रेजी नहीं बोल पाने के कारण उसे घर में ही मजाक का सामना करना पड़ता है। जब शशि अमेरिका जाती है, तो वह अंग्रेजी सीखने का फैसला करती है। लंबे अंतराल के बाद श्रीदेवी की इस फिल्म से वापसी हुई थी और उनके अभिनय को खूब सराहा गया।

कहानी : विद्या बालन की 'कहानी' महिला प्रधान सस्पेंस फिल्मों की बेहतरीन मिसाल मानी जाती है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्या ने एक गर्भवती महिला का किरदार निभाया, जो अपने लापता पति की तलाश में कोलकाता पहुंचती है। फिल्म ने भारत में लगभग 51.55 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। कम बजट, मजबूत पटकथा और शानदार अभिनय के दम पर फिल्म सफल रही।

गंगूबाई काठियावाड़ी : संजय लीला भंसाली की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' ने साबित किया कि बड़े बजट की फिल्म को सफल बनाने के लिए पुरुष सुपरस्टार का होना जरूरी नहीं है। आलिया भट्ट ने गंगूबाई के किरदार में अपनी अभिनय क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

विदेश मंत्री एस.जयशंकर की दो टूक

आतंकवाद पालने वाले देशों पर कसे शिकंजा युद्ध नहीं बातचीत से निकलेगा शांति का रास्ता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता, युद्ध रोकने के लिए बातचीत और कूटनीति तथा दुनिया में शांति और समान विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा

- एआई दुनिया को पूरी तरह बदल सकता है, लेकिन विकास और प्रभाव को मुट्ठी भर लोगों के हाथों में नहीं छोड़ सकते
- लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग जरूरी
- भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को एकजुट होने की जरूरत बताई

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद और दुनिया में चल रहे संघर्षों को लेकर कड़ा संदेश दिया है। दिल्ली में आयोजित 'चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति के लिए बड़ा खतरा है और इसे किसी भी हाल में राज्य की नीति का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता।

दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला युद्ध पूरी दुनिया की शांति को प्रभावित करता है। मौजूदा समय में चल रहे दो बड़े संघर्षों के बीच भारत का स्पष्ट मत है कि बातचीत और कूटनीति के जरिए ही विवादों का समाधान निकाला जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता।

आतंकवाद से मिल चुके कई सबक

इसके पीछे कोई तर्क या बहाना स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद आतंकवादी गतिविधियां जारी हैं, क्योंकि कुछ देश इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाने के बजाय अपने राजनीतिक हितों को ज्यादा महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में आतंकवाद के खतरों से जुड़े कई सबक मिल चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी कुछ देश अपने फायदे के हिसाब से फैसले लेते हैं। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया आतंकवाद के खिलाफ ज्यादा मजबूत इच्छाशक्ति दिखाए। सभी देशों को मिलकर इसके हर रूप और तरीके का मुकाबला करना चाहिए। आतंकवाद के प्रति किसी भी तरह की नरमी वैश्विक शांति के प्रयासों को कमजोर करती है।

मुकाबले से ज्यादा जरूरी है सहयोग की भावना

सम्मेलन में जयशंकर ने दुनिया के देशों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिस्पर्धा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मानव समाज में हमेशा दो तरह की सोच रही है।

एक सोच प्रतिस्पर्धा को महत्व देती है, जबकि दूसरी सहयोग को बेहतर रास्ता मानती है। यही सोच देशों के आपसी रिश्तों और उनके व्यवहार में भी दिखाई देती है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा कि करीब आठ दशक पहले दुनिया ने मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी, जहां देश साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग कर सकें। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 1 में भी इसी भावना को जगह दी गई है।

वैश्विक चुनौतियों और उससे निपटने के उपायों का किया जिक्र

जयशंकर बोले- ग्लोबल साउथ के सामने 4एफ संकट

अपने बयान में विकासशील देशों के सामने आ रही चुनौतियों का जिक्र करते हुए एस. जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया का यह हिस्सा 4एफ संकट से जूझ रहा है। इनमें फाइनेंस, फ्यूल, फूड और फर्टिलाइजर शामिल है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि इन समस्याओं के समाधान में विकसित देशों की भी बराबर की हिस्सेदारी है। बाजार के विकृत और संकीर्ण तौर-तरीके आम जनता की परेशानियों को और बढ़ा रहे हैं, इसलिए इस पर गंभीर और सच्ची बातचीत की सख्त जरूरत है।

शांति और समृद्धि एक-दूसरे से जुड़ी हैं, अनदेखी न करें

जयशंकर ने कहा कि दुनिया में शांति, विकास और समृद्धि के बीच गहरा संबंध है। संघर्ष और हिंसा किसी भी समाज की तरक्की में बाधा बनते हैं। दुनिया के एक हिस्से का समृद्ध होना और दूसरे हिस्से का बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना लंबे समय तक संभव नहीं है। इसलिए देशों को अपने हितों के साथ-साथ पूरी दुनिया की जरूरतों को भी समझना होगा। उन्होंने साफ किया कि स्थायी शांति के लिए आपसी सहयोग, बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता देना जरूरी है। युद्ध और आतंकवाद से किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सकता।

एआई को लेकर चेतावनी भी दी

इसके अलावा तकनीक पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि एआई दुनिया को पूरी तरह बदल सकता है, लेकिन इसके विकास और प्रभाव को मुट्ठी भर लोगों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे मानव-केंद्रित और समावेशी दृष्टिकोण का समर्थन करता है जो पूरी मानवता के हित में हो। अंत में विदेश मंत्री ने अपने संबोधन के अंत में इस बात पर जोर दिया कि प्रगति और समृद्धि एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

अहमदाबाद-मुंबई के बीच 508 किमी का कॉरिडोर तैयार

2027 के आखिरी 3 महीनों में शुरू हो सकती है देश की पहली हाईस्पीड ट्रेन सेवा

100 फीट नीचे स्टेशन, समुद्र के भीतर सात किमी सुरंग से गुजरेगी बुलेट ट्रेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक,



अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल कॉरिडोर पर पहली ट्रेन सेवा 2027 की आखिरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है। 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में आधुनिक रेलवे स्टेशनों के साथ सुरंगों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है। इसकी खासियत



मुंबई में जमीन से करीब 100 फीट नीचे बन रहा स्टेशन और समुद्र के नीचे से गुजरने वाली सात किलोमीटर लंबी सुरंग है। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का एकमात्र भूमिगत स्टेशन बनाया जा रहा है। जमीन से करीब 32 मीटर नीचे बन रहे इस स्टेशन में प्लेटफॉर्म, और सेवा क्षेत्र के तीन स्तर होंगे।

320 किमी प्रति घंटा होगी बुलेट ट्रेन की स्पीड

यहां छह प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक की लंबाई 400 मीटर से अधिक होगी। महाराष्ट्र में कॉरिडोर का 21 किलोमीटर हिस्सा सुरंग से होकर गुजरेगा। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे समुद्र के भीतर सात किलोमीटर लंबी सुरंग शामिल है। इसके निर्माण के लिए जुलाई 2026 में विक्रोली और सावली से दो टनल बोरिंग मशीनें शुरू की गई थीं। प्रत्येक मशीन का व्यास 13.6 मीटर और वजन 3,000 टन से अधिक है। बुलेट ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 320 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।

फ्रांस की सड़कों पर उतरे 8 लाख लोग

फ्रांस-इटली और स्पेन समेत यूरोप के कई देशों में हुए हिंसक प्रदर्शन

फ्रांस में हिंसक झड़प के बाद 1000 के करीब गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोप के कई देशों में वीकेंड पर महंगाई, आवास संकट, पेंशन कटौती, शिक्षा व्यवस्था में गिरावट, भ्रष्टाचार और युद्ध के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन देखने को मिले। शनिवार रविवार को फ्रांस, अल्बानिया, इटली, स्पेन और पुर्तगाल में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। कई शहरों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ हिंसक झड़पें हुईं, जिसके बाद सरकारों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी पड़ी और कुछ स्थानों पर सेना तक को तैनात करना पड़ा। फ्रांस में शनिवार को हुए प्रदर्शनों के दौरान भारी तनाव देखा गया। गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज के अनुसार, देशभर में लगभग 1000 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सरकार के अनुमान के मुताबिक करीब 4.10 लाख लोगों ने इन रैलियों में हिस्सा लिया, जबकि आयोजकों ने यह संख्या लगभग 8 लाख बताई।

अल्बानिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा

अल्बानिया की राजधानी तिराना समेत कई शहरों में छात्रों के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और खराब शिक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोशित थे।उन्होंने ट्यूशन फीस कम करने और शिक्षा बजट बढ़ाने की मांग के साथ-साथ प्रधानमंत्री एडी रामा के इस्तीफे की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कृषि मंत्रालय के प्रवेश द्वार पर आग लगा दी, तथा पुलिस पर पत्थर और पटाखे फेंके। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए दंगा रोधी पुलिस ने आंसू गैस, वॉटर कैनन और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया।

मप्र में नर्मदा किनारे 343 मतदाता पहचान पत्र मिले

एजेंसी ▶▶ खरगोन

मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के मंडलेश्वर कस्बे में रविवार को नर्मदा नदी के किनारे 343 लावारिस मतदाता पहचान पत्र मिले, जिसके बाद विपक्षी कांग्रेस ने प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ये मतदाता पहचान पत्र पड़ोसी इंदौर जिले के राऊ विधानसभा क्षेत्र के हैं।

स्थानीय लोगों ने नदी किनारे सफाई अभियान के दौरान ये पहचान पत्र एकत्र किए और प्रशासन को इसकी सूचना दी। इसके कुछ ही देर बाद बरामद पहचान पत्रों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंडलेश्वर थाने पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए शिकायत सौंपी। नाइक ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इस मामले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।कांग्रेस ने नदी में गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाकर अन्य मतदाता पहचान पत्रों का पता लगाने की भी मांग की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में जी-20 में मिलने की उम्मीद

तनाव के बीच दिसंबर में फिर मिल सकते हैं मोदी-जिनपिंग

भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव की खबरों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की दिसंबर में फिर मुलाकात होने की संभावना जताई जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेता 14 या 15 दिसंबर को अमेरिका के फ्लोरिडा में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान बातचीत कर सकते हैं। सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेजबानी में मियामी में आयोजित होने की बात कही गई है। हालांकि, दोनों नेताओं की



संभावित मुलाकात को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। पिछले महीने नई दिल्ली में मोदी और जिनपिंग के बीच हुई बातचीत से दोनों देशों के संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी लेकिन अरुणाचल प्रदेश में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव की खबरों ने एक बार फिर सीमा विवाद को चर्चा में ला दिया है।

ऐसे में दिसंबर में संभावित मुलाकात दोनों देशों के बीच संवाद आगे बढ़ाने का अवसर बन सकती है। हालांकि, बैठक होती है या नहीं और उसमें सीमा विवाद समेत किन मुद्दों पर चर्चा होगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Wanted- Reputed English/Hindi Medium School (Pragati Vidyalaya, Bhanpuri, Raipur) Requires Qualified and Experienced staff for the following posts: PGT (Hindi Teacher) TGT (Science Teacher)Salary: As per experience and qualification.Interested candidates can contact immediately on the numbers given below: Contact Numbers: 9754955511, 9770598985.(आरो-100)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- लड़कियों की आवश्यकता है। पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ संपर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, रायपुर । मो.- 8109135400, 9179380728. (आरो-72)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- फटाका दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। योग्यता- मेहनती व ईमानदार वेतन- 8000- 15000 दिवाली बोनस दिया जाएगा संपर्क करें- डागा फायर्स आजाद चौक रायपुर मो. 9340585453. (आरो-235)

सुरक्षागार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1.सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2.कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालय: प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइल: - 7746000016, 7747000016. (आरो-815)

आवश्यकता है- वी.आई.पी. चौक, तेलीबांधा, एम.जी. रोड, टाटीबंध हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, की अतिशीघ्र आवश्यकता है। ड्यूटी 12 घंटे वेतन 12000-15000/- आयु सीमा- 25- 45 वर्ष कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें। संपर्क नंबर- 9981144486. (आरो-236)

दुकान/गोडाऊन कार्य

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान और गोडाउन में काम करने के लिए। युवा लड़कों की आवश्यकता है जो मेहनती हों और 5वीं पास हों। वेतन 15,000 /- से शुरू होगा, योग्यता के अनुसार। स्थान: नहारपारा - पीथलिया प्लाजा, फाफाडीह चौक & बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने। कॉल करें - 9302702087.(आरो-4196)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- सेल्समेन -सेल्सगर्ल चाहिये, 21000 महीना + 21000 बोनस सहित 42000 रुपये दिवाली तक दिवाली के बाद रेग्यूलर 21000 महीना शर्तें लागू. सम्पर्क करें- राधा कृष्ण संस्थान दलदलसिवनी रायपुर (छ. ग.) मो. 8109100493.(आरो-240)

आवश्यकता है- तुरंत भर्ती! आकर्षक वेतन! भारत मेडिकल स्टोर्स, ए-मार्केट, सेक्टर 6 हेतु सेल्समैन एवं सेल्स गर्ल्स तथा बी.एम. फार्मा, रिसाली हेतु अनुभवी फील्ड स्टाफ चाहिए। संपर्क: 9285284000.(आरो न.-4177)

शीघ्र आवश्यकता है- सेल्समेन, सेल्सगर्ल एवं ड्राइवर की। पता अरुण कुमार एंड सन उतई महिमा हॉस्पिटल के सामने एवं संजय फर्नीचर दक्षिण गंगोत्री सुपेला भिलाई (आरो-347)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किराना दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता हैं। पढ़ाई में बाधा नहीं। आकर्षक वेतन। सम्पर्क करें- भगत किराना, गोल बाजार, रायपुर, मो. 7828644611.(आरो-009)



इंजीनियर/सुपरवाइजर

URGENT REQUIREMENT
Civil Engineer, Site Supervisor & Plumber
-:Work:-
Civil Construction Works (GOVT.)
Location: Jashpur and Raipur
Salary:- Negotiable
Interested Candidates Email or WhatsApp
WhatsApp 9907265169 6260469972
-:E-mail:-
jobs.saecr@gmail.com

ऑपरेटर/इंजीनियर

आवश्यकता है- (1) महिला- ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, Email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग) (2) पुरुष- मेडिकल मशीन की मार्केटिंग व सर्विस इंजीनियर (3) ऑर्थोपेडिक TKR, THR Joints & Arthroscopy सर्जरी कराने (4) सामान लाने ले जाने+ आफिस जनरल काम हेतु (5) Ecco चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए वेतन 13000 से 30000 पता- पिनाका मेडिकल सिस्टम , Sec-11A , कमल विहार, रायपुर 9326609234, 9300335829.(आरो-42156)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। कार्य समय : सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक , संपर्क करें: 9826708233 ,पता: 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (आरो-SPD/0095)

आवश्यकता है- रायपुर शहर में गैस सिलेंडर डिलवरी हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर को bolero महेंद्रा पिकअप चलाने का अनुभव होना चाहिए तथा हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस (Heavy Vehicle License) अनिवार्य है। रायपुर का स्थानीय निवासी होना। वेतन- 18,000/- प्रतिमाह। सम्पर्क:- 9183313130, 9179829993. (आरो-54)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- अनुभवी ड्यूटी डॉक्टर - 6 (MBBS /BAMS/ BHMS), ICU ड्यूटी डॉक्टर 2, नर्सिंग स्टाफ 10 (B.Sc./ GNM), OT टेक्नीशियन 3, फ्लोर मैनेजर 1, रिसेप्शनिस्ट 2, ड्रेसर 2 की आवश्यकता है। पता: ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल, डी.डी. नगर, रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 9993111117, 7880085048, 9131216229.(आरो-4198)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

गोडाऊन कार्य

आवश्यकता है- गोंदवारा (भनपुरी) रायपुर में टायर कम्पनी के गोडाउन में लेबर काम करने 10वीं/12वीं पढ़े 2 मेहनती युवकों की आवश्कता है, वेतन 10 से 11 हजार, कार्य समयः सुबह 10 से रात 8 Mob. 7879871774. (आरो-239)

कम्प्युटर/टेलीकालर

आवश्यकता है- कम्प्यूटर के साथ टेलीकालर कार्य हेतु लडकियों की आवश्यकता है श्रीमारुती कोरियर, कार्नरहाऊस, कालीमाता मंदिर के आगे, रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर, काल-वाटशप 9425242949. (आरो-362)

ऑपरेटर/टेक्नीशियन

आवश्यकता है- ELITE ELECTRICAL & SOLAR POWER Shop No. 6, Risali, Bhilai, 02- कंप्यूटर ऑपरेटर, 02- इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन की आवश्यकता है। वेतनः 10,000–15,000 प्रतिमाह (योग्यता अनुसार) इच्छुक उम्मीदवार अपना Resume WhatsApp करें। मो. 99770-00162. (आरो - 346)

सेल्समैन

आवश्यकता है- पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक के पास, मोती सागर होटल के पीछे रायपुर 8269090186, 9893470141.(आरो-42157)

Property प्रापर्टी

खरीदी/बिक्री

खरीदी बिक्री- भाटागांव, चंगोराभाटा, रायपुरा काठाडीह, अमलेश्वर, खुड़मुड़ा प्रोफेसर कालोनी, डी. डी. नगर मे जमीन एंव मकान खरीदी बिक्री के लिए संपर्क करें। मो.- 7723023077, 7000058909. (आरो-237)

For Rent किराया

किराये पर उपलब्ध - शहर के हृदयस्थल, भाटागांव, बसस्टैंड के सामने, रिंगरोड पर गोदाम हेतु 2000, 1750, 200 एवम 10000 वर्गफीट, खुला जमीन किराये पर उपलब्ध सेक्युरिटी गार्ड, पानी सुविधा संपर्क- 9827116606. (आरो-421)

आवश्यक सूचना

पाठकों में अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी राशि उठाने, चिकित्सकीय मशवरा, विवाह संबंधित) या किसी भी तरह-तरह का अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लिये व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही सेवा देवें लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के खर्चों और विज्ञापन दाताओं के अपने दावों का खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152



Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एफिजमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

आयरे हिर्बल एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.बी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वस्थ्य टॉवर्स के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नर्सों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

छग में सरगुजा ....
मौसम के पूर्वानुमान और अपनी फसल की स्थिति को देखकर ही कटाई करने का निर्णय लें। कट चुके धान को खेतों में सुरक्षित रखने के उपाय करें। वर्षा से धान की बालियां झड़ने और फसल के गिर जाने से बड़ा नुकसान हो सकता है। पानी में भीगने के कारण फसल सड़ सकती है। यदि भारी बारिश से फसलों को नुकसान होता है तो किसान भाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कराए गए बीमा पर क्लेम की तत्काल कार्यवाही कर सकते हैं।

स्मृति ने कहा- देश ...
कि पार्टी में मैडम शब्द का उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, देश में एक ही मैडम है वो हैं सोनिया गांधी।

मोदी पर खड़गे की ....
मोदी कहीं नहीं जाएंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष ने पलटवार करते हुए कहा, 'मोदी का बाप भी जाएगा।'**वायरल हुआ वीडियो, युवक की पिटाई :** इसका वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने उस व्यक्ति की पिटाई की और उसे हॉल से हटा दिया, जिसने ये कहा था कि मोदी नहीं जाएगा। शख्स का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उसके बोलते समय उसे धक्का देते हुए बाहर किया जा रहा है। **ये देश की जनता का अपमानः नड्डा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के स्वर्गीय पिता जी के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की जितनी कड़ी निंदा की जाए, कम है।

शाह का सोशल ....
इस हद तक क्यों गिर रही है? इसके पीछे का असली कारण बताते हुए अमित शाह ने लिखा कि पिछले 12 सालों से लगातार मिल रही चुनावी हार की वजह से कांग्रेस पूरी तरह फ्रस्ट्रेट हो चुकी है। पार्टी के पास अब न तो कोई ढंग की नीति बची है और न ही कोई मजबूत मुद्दा। अब उनके पास सिर्फ और सिर्फ 'गाली-गलौज की राजनीति' ही बची है। जनता के बीच तो उनका जनाधार पहले ही साफ हो चुका था, अब वे अपने कार्यकर्ताओं के बीच भी पकड़ खोते जा रहे हैं।

साय बोले- खड़गे देश ....
राजनीतिक सोच और वैचारिक दिवालियेपन को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति राजनीतिक द्वेष में कांग्रेस जिस स्तर तक उतर रही है, उसे पूरा देश देख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता कांग्रेस की इस संस्कारहीन और ओछी राजनीति को भली-भांति पहचान चुकी है। जब-जब कांग्रेस ने ऐसी घृणित भाषा अपनाई है, जनता ने उसे करारा जवाब दिया है। इस बार भी जनता ऐसी राजनीति को न भूलेगी, न स्वीकार करेगी और समय आने पर अपने लोकतांत्रिक अधिकार से इसका जवाब देगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनीतिक विरोध की आड़ में इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी कांग्रेस की गिरी हुई सोच और संस्कारहीन राजनीति का खुला प्रमाण है।

छात्रों के लिए ....
नैतिक सीमाओं के बारे में अध्ययन करेंगे। एनसीईआरटी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास और आईआईटी जोधपुर के परामर्श से इस गतिविधि-आधारित पाठ्यक्रम को विकसित किया है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह समझने में मदद करना है कि कृत्रिम मेधा कैसे काम करती है और इसकी क्या सीमाएं हैं। साथ ही, उन्हें बिना सत्यापन किए इसके परिणामों पर निर्भर रहने के बजाय एआई प्रणालियों का सतर्क, आत्मविश्वासपूर्ण, रचनात्मक और जिम्मेदार उपयोगकर्ता तथा मूल्यांकनकर्ता बनने के लिए प्रेरित करना है।

वित्तीय अनियमितता : जांच ...
खिलाफ कार्रवाई की गई है। दुबे ने कहा, अब तक विभिन्न स्तरों के 392 अधिकारी जांच के दायरे में हैं या उनके खिलाफ जांच की जा चुकी है। इनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) स्तर के 135 अधिकारी शामिल हैं।

काशी के आसमान ...
ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। गंगा के ऊपर विमानों के हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तीन दिवसीय एयर शो की शुरुआत गुरुवार को हुई थी। इस विशेष हवाई प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वायु सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। एयर शो में भारतीय वायु सेना की ताकत, आधुनिक तकनीक और युद्धक तैयारियों का शानदार प्रदर्शन हुआ। इस आयोजन में भारतीय नौसेना का पी-8I समुद्री निगरानी विमान ने भी अहम भूमिका निभाई। इस विमान ने चेन्नई के पास अरक्कोनम से उड़ान भरकर ग्वालियर के ऊपर मिराज-2000 लड़ाकू विमानों के साथ तालमेल किया और फिर वाराणसी में एयर शो का हिस्सा बना।

पेज एक के शेष

उदंती के बीहड़ चौकशील पहाड़ी पर उतरी ...
लगता है। यह मेला छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा अनूठा मेला है, जो बिना किसी कृत्रिम बिजली की रोशनी के चांद की दूधिया रोशनी में रातभर गुलजार रहता है। रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 9 बजे से ही चौकशील पहाड़ी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के साथ अन्य समाज के लोग अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों, देवी-देवताओं के ध्वज-पताका और डांग-डोली के साथ पहुंचे। दोपहर 3 बजे तक ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक आदिवासी वाद्य यंत्रों के साथ पहुंचे देवी-देवताओं का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद मां गढ़िया माता के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना हुई। इस दौरान पूरा क्षेत्र जयकारों से गूंज उठा। आदिवासी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक पारंपरिक हथियार तीर-धनुष, खड़ग, तलवार, फरसा और पारंपरिक वेशभूषा में सजी यह शोभायात्रा आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

आदिवासी संस्कृति-परंपरा के दर्शन : ढोल-मांदर की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और हाथों में डांग-डोली व देवी-देवताओं के ध्वज-पताका लेकर जब श्रद्धालु पहाड़ी पर पहुंचे, तो पूरा माहौल अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। लोग दूर-दूर से देवी-देवताओं के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ पड़े। मेला समिति के संरक्षण के टीकम नागवंशी, बैजनाथ नेताम,टीकम सिंह मांझी, मंगल सिंह,दीपक मांडवी ,खेल सिंह मरकाम ,तिरथ नाग ,नरेश कुमार नागेश, अर्जुन नायक, हरीश मांझी, हेमंत ध्रुव,देवी सिंह, कुंवर सिंह ओटी,मधु सिह एवं बुजुर्गों और समाज प्रमुखों का कहना है कि आज के आधुनिक दौर में भी यह मेला हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों और देव-पूजा पद्धतियों को सहेजकर रखे हुए है। प्रकृति के सानिध्य में शरद पूर्णिमा के चांद के नीचे जुटने वाला यह विशाल जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि आदिवासी समाज आज भी अपनी जड़ों और समृद्ध इतिहास से मजबूती से जुड़ा हुआ है। यहां मेला तीन दिनों तक आयोजित किया जाता है जिसमें मुख्य कार्यक्रम शरद पूर्णिमा के दिन और पूरे रात भर चलता है। सोमवार को तीसरे दिन पान सुपारी भेंटकर मेले में पहुंचे वरिष्ठजनों को विदाई दी जाएगी।

डाक-सेवक भर्ती को लेकर कैट के ...
एजुकेशन का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया था, जिसे विभाग ने मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नहीं माना था। केंद्र सरकार ने शिक्षा मंत्रालय के 24 दिसंबर 2021 के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में केवल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर और छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर मान्य हैं। इसके तहत उम्मीदवारों की नियुक्ति पर विचार नहीं किया गया, जिससे परेशान होकर उन्होंने पहले केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में याचिका लगाई, जिसे केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने मंजूर कर लिया था।

शराब में सुहागा मिलाकर एक को ...
पंचायत पामगढ़ के पार्षद रामखिलावन जांगड़े और निजी क्लिनिक संचालक जोहित खरे की 23 अक्टूबर की रात शराब पीने के बाद तबियत बिगड़ी। दोनों को बिलासपुर अस्पताल भेजा गया जहां उनकी मौत हो गई। जांच में पुलिस पता चला कि राजा खरे ने भी उनके साथ शराब पी थी और राजा खरे का जोहित खरे के साथ पैसे के लेन देन का विवाद था। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी राजा खरे ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। राजा खरे ने 4 माह पहले जोहित खरे से 10 लाख रूपये उधार में लिये थे। वह उधारी नहीं चुका पा रहा था और तगादे से परेशान हो चुका था।

इसीलिए उसने जोहित खरे को मारने के लिए शराब में सुहागा मिलाकर दिया, लेकिन पार्षद रामखिलावन जांगड़े ने भी उसी बोतल की शराब पी ली, जिससे दोनों की मौत हो गई। मामले का खुलासा करते हुए एस पी विजय पाण्डेय ने बताया कि जोहित खरे की बेटी से पूछताछ करने पर पता चला कि जोहित खरे और रामखिलावन जांगड़े 23 अक्टूबर को शाम 5 बजे घूमने निकले थे। शाम लगभग 7:30 बजे मनीषा खरे को फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उनके पिता जोहित खरे एवं रामखिलावन जांगड़े की तबीयत बहुत खराब है और अस्पताल में है। अस्पताल पहुंच कर मनीषा खरे द्वारा अपने पिता जोहित खरे से पूछताछ करने पर पता चला कि पनगांव के राजा उर्फ कमलनाथ खरे द्वारा धोखे से शराब में कुछ मिलाकर पिलाने के बाद से दोनो की तबीयत बहुत खराब हुई है। पुलिस द्वारा तत्काल मुखबीर तैनात कर राजा उर्फ कमलनाथ खरे को पकड़ा गया।

चार माह उधार में लिया था 10 लाख : हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि जोहित लाल खरे से 4 माह पूर्व 10 लाख रुपए उधार में लिया थे। पैसे के लिए जोहित खरे लगातार राजा खरे को तगादा करता था, जिससे दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसीलिए उसने शराब में सुहागा मिलाकर दे दिया। आरोपी राजा खरे की निशानदेही पर खाली शराब की बोतल और सुहागा की पुड़िया को घटनास्थल के पास से जब्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

अरुणाचल प्रदेश में उपद्रव

सियांग प्रोजेक्ट के विरोध में हिंसा आरएएफ की 2 कंपनियां तैनात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट में प्रस्तावित 11,200 मेगावाट की सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना को लेकर चल रहा विरोध प्रदर्शन अचानक हिंसक रूप ले चुका है। स्थिति को नियंत्रित करने और क्षेत्र में शांति बहाली के लिए केंद्र सरकार ने तुरंत कदम उठाते हुए रैपिड एक्शन फोर्स की दो कंपनियां तैनात की हैं। गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लगभग 250 जवानों को विशेष सैन्य विमान के जरिए नवी मुंबई से सीधे पासीघाट एयरलिफ्ट किया गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने पासीघाट, मेबो और रुकसिन क्षेत्रों में सार्वजनिक सभाओं, रैलियों, धरने और जुलूसों पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। पूर्वी सियांग जिले के पासीघाट में उपद्रवियों की भीड़ ने एनएचपीसी के कार्यालय और स्थानीय पुलिस थाने को निशाना बनाते हुए आग के हवाले कर दिया।

सरकार का क्या कहना है?
राज्य सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही झूठी खबरों और अफवाहों पर ध्यान न दें और महज ऑफिशियल जानकारी पर भरोसा करें। सरकार का तर्क है कि यह प्रोजेक्ट चीन द्वारा नदी पर बनाए जा रहे बड़े बांध के असर को कंट्रोल करने और पानी को स्टोर करने के लिए जरूरी है। इससे इलाके में बाढ़ से बचाव होगा और क्षेत्र में बिजली-पानी का अरेंजमेंट हो सकेगा। सरकार ने साफ किया है कि फिलहाल कोई पक्का काम शुरू नहीं हुआ है, सिर्फ तकनीकी और पर्यावरणीय सर्वे किया जा रहा है।



पुरानी रंजिश के चलते वारदात को यूं दिया था अंजाम

बेंगलुरु की निर्माणाधीन इमारत में ब्लास्ट केस में तीन गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में एक निर्माणाधीन इमारत में हुए ब्लास्ट केस को सुलझा लिया गया है, पारिवारिक रंजिश के चलते एक व्यक्ति हत्या की साजिश रचने के आरोप में असम के तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बेंगलुरु पुलिस ने पुलकेशीनगर इलाके में 20 अक्टूबर को निर्माणाधीन इमारत में हुए रहस्यमयी धमाके की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले की जांच में पता चला है कि धमाका किसी सामान्य बैटरी या टॉर्च में खराबी के कारण नहीं, बल्कि जानबूझकर तैयार किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से हुआ था। पुलिस के मुताबिक इस मामले में असम के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान 27 वर्षीय जाहिदुल हुसैन बरभुइया, 22 वर्षीय साजिदुल इस्लाम लस्कर और बरहान अहमद बरभुइया के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि तीनों आरोपी बचपन के दोस्त हैं और असम के धीनानाथपुर गांव से ताल्लुक रखते हैं। आरोपियों ने कथित तौर पर एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर पूरी साजिश रची थी।

- पारिवारिक रंजिश और हत्या की सुनियोजित साजिश का खुलासा

सबरीमाला के पवित्र घी में 2.5 करोड़ रुपए की हेराफेरी

सबरीमाला। केरलम के देवस्वोम मंत्री के मुरलीधरन ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सबरीमाला मंदिर के चढ़ावे के लिए लाए गए 11,000 लीटर मिलमा घी में हेराफेरी की गई है। कहा जा रहा है कि इस शुद्ध घी की जगह सस्ता घी इस्तेमाल किया गया, जिससे मंदिर को करीब 2.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। केरल हाई कोर्ट के निर्देश के बाद सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पहले से ही इन कथित गड़बड़ियों की जांच कर रहा था। इसी सिलसिले में हाल ही में ट्रांसपोर्ट ठेकेदार एस एस बिनु को गिरफ्तार भी किया गया है।

वीएसीबी ने क्या की है कार्रवाई?
वीएसीबी ने ट्रांसपोर्ट ठेकेदार एस एस बिनु को गिरफ्तार कर लिया है। अब ब्यूरो यह जांच कर रहा है कि असली घी कहां भेजा गया। आशंका है कि इसे तमिलनाडु की कुछ एजेंसियों को दे दिया गया होगा। मंत्री मुरलीधरन ने साफ कहा है कि इस पूरे मामले में देवस्वोम बोर्ड के अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। राज्य सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ी नजर रखे हुए है।

नेपाल सीमा के निकट नशीली दवा की 1,503 शीशियां जब्त एक व्यक्ति गिरफ्तार

महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा के पास सोनौली पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित इंजेक्शन वाली दवाओं की 1,503 शीशियां जब्त कीं और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने के बाद भारत-नेपाल सीमा के मुख्य द्वार के पास यह कार्रवाई की गई। दवाओं की तस्करी में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई एक कार भी जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रेमचंद (29) के रूप में हुई है।

ये प्रतिबंधित दवाइयां हुई बरामद
पुलिस के अनुसार, 'बुप्रेनोर्फिन' की 511 शीशियों, 'डायजेपाम' की 499 शीशियों और 'प्रोमेथाजिन हाइड्रोक्लोराइड' की 493 शीशियों समेत कुल 1,503 शीशियां जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि सोनौली थाने में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और विस्तृत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

NAME CHANGE
I, Subhashni Cornelius, D/o John Cornelius Lall and W/o Isa Prakash, House No 207, Azad Marg, Beldarpara, Champa, Dist Janjgir- Champa (C.G.), have Changed my name to Subhashni Praksh After Marriage Vide affidavit dated 23.10.2026 and shall hereafter be known as Subhashni Praksh for all Purposes.

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

2.37 करोड़ संदिग्ध लेनदेन में तीन लोग गिरफ्तार

सोनभद्र। सोनभद्र जिले में पुलिस ने सत्य सनातन ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत बैंक खाते से 2.37 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन और साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी 35 शिकायतों के मामले में रविवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने म्योरपुर तिराहे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान चंदौली निवासी हरिकेश पांडेय तथा सोनभद्र के रहने वाले अंजनी कुमार और वेदांत मौर्य के रूप में हुई है।

C/PDCL छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भाटापारा

(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

क्र./10-20/10-25/सामा./3476 — **बिजली बंद की सूचना** — भाटापारा, दिनांक- 23/10/2026

छ.रा.वि.वि.कं. लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व लाईनों एवं उपकेन्द्रों का मेंटेनेंस कार्य हेतु समय 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	दिनांक	33/11 के. व्ही उपकेंद्र/फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	26.10.2026	11 के. व्ही. बैकुंठ	ग्राम औरैठी, बेमता, लखना, भूमिया के समस्त उपभोक्ता।
2	27.10.2026	11 के. व्ही. ओल्ड लिमतरा	ग्राम बनसांकरा, बैकोनी, हरिनभट्ठा, चंदेरी के समस्त उपभोक्ता।
3	28.10.2026	11 के. व्ही खैरघट अटल ज्योति	ग्राम खैरघट, चुरचुटिया, तेंदूभाठा एवं मांढर के समस्त उपभोक्ता।
4	29.10.2026	11 के. व्ही कचलोन	ग्राम कचलोन, एवं खण्डुवा के समस्त उपभोक्ता।
5	30.10.2026	11 के. व्ही. हथबंध (सिमगा)	ग्राम नयापारा, दुलदुला लांजा, पौंसरी के समस्त उपभोक्ता एवं एच टी उपभोक्ता मेसर्स श्वेता एग्रो।
6	31.10.2026	11 के. व्ही. कामता	ग्राम कामता, झिरिया के समस्त उपभोक्ता।
7	02.11.2026	11 के. व्ही. बल्छेरा	ग्राम नवागांव, मुसुवाडीह, भोथीडीह एवं बल्छेरा के समस्त उपभोक्ता।
8	03.11.2026	11 के. व्ही. बल्छेरा अटल ज्योति	ग्राम नवागांव, मुसुवाडीह, भोथीडीह के समस्त उपभोक्ता एवं बल्छेरा पंप लाईन।
9	04.11.2026	11 के. व्ही. सिमगा टाउन	सिमगा टाउन, चुचरुंगपुर के समस्त उपभोक्ता।
10	05.11.2026	33 के. व्ही. बेमेतरा- 2	33/11 KV झिरिया S/s से संबंधित ग्राम
11	06.11.2026	33 के. व्ही. बेमेतरा-1	HT उपभोक्ता EE (LIS), मेसर्स बजरंग पॉवर सिमगा एवं 33/11 KV IPDS S/s सिमगा
12	09.11.2026	33 के. व्ही. इंडस वेस्ट मेगा फुड	HT उपभोक्ता मेसर्स इंडस वेस्ट मेगा फुड पार्क।

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।
1. "स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"। 2. "समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।"

कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छ.स्टे. पा. डि.कं. लिमिटेड भाटापारा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

क्र./48-00/ सामा. /1910 — कसडोल, दिनांकः- 22 OCT 2026

-:: बिजली बंद की सूचना ::-


छ.ग.स्टेट.पा.डि.कं.लि. बया के समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व मेंटेनेंस कार्य हेतु निम्नांकित दिनांक को **प्रातः 09:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक** दर्शाये गये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपभोक्ता को होने वाली **असुविधा के लिए खेद** है।

क्र.	दिनांक	11 केवी. फीडर नाम	प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ता
1	26.10.2026	तेंदुचुवां	चेचरापाली, नवाडिह, देवपुर, धमलपुरा
2	27.10.2026	33/11 केवी. बया के 11 केवी. सभी फिडर	प्रभावित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ता
3	28.10.2026	डुमरपाली	रंगोरा, डुमरपाली
4	29.10.2026	चेचरापाली	चेचरापाली, नवाडिह, देवपुर, धमलपुरा पंप
5	30.10.2026	पकरीद	पकरीद, मेंटकुला, कोसमसरा, गिधपुरी
6	31.10.2026	कुरकुटी	कुरकुटी, नरधा
7	01.11.2026	बया	बया

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।
स्वहित एवं राष्ट्रहीत में ऊर्जा का संरक्षण करें-

कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल

शब्द पहेली - 6389



बाएँ से दाए-
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

ऊपर से नीचे
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त, मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

शब्द पहेली -6388 का हल

क	म	ला	का	र			कु	रा	न	
था	न		र		कै	ला	श		भ	ला
वा			खा	वि	द		ल			य
च	म	क	ना			त		क	स	क
क		या		क	ल	क	ल		ली	
	आ	स		ल		रा		शा	म	
	रा		क	र	ता	र		म		ख
श	म	न		व			म	त	ल	ब
ह			म		दा	म	न			र
र	थ		ग	र	म		च		दा	दा
	ल	की	र			स	ली	के	दा	र

सूडोकु नवताल- 6399

सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6398 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1


खबर संक्षेप

बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ 28.4 फीसदी बढ़ा



मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने बताया कि वित्तवर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 28.4 प्रतिशत बढ़ गया। बैंक का शुद्ध मुनाफा बढ़कर 3,308.82 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने पिछले वित्तवर्ष की समान तिमाही में 2,576.69 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

डॉ. रेड्डीज का मुनाफा 36% घटकर 913 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने बताया कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 36 प्रतिशत घटकर 913.4 करोड़ रुपये रह गया। पिछले वित्तवर्ष की समान तिमाही में उसने 1,426.8 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व घटकर 8,670.8 करोड़ रुपये रह गया।

एचडीएफसी बैंक को बाजार पूंजीकरण में बड़ा नुकसान



नई दिल्ली। शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गया। इसमें एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

आईटीआर फाइलिंग की बढ़ी तारीख, अंतिम दिन चूक गए तो लगेगा 5000 का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने उन करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर, 2026 कर दी है। यह उनके लिए है, जिनके खातों का टैक्स ऑडिट कराना अनिवार्य है। यह तारीख इन टैक्सपेयर्स के लिए बेहद अहम है क्योंकि अगर इन्होंने इस तारीख के बाद रिटर्न फाइल किया तो फिर भारी लेट फीस के साथ पेनाल्टी का सामना करना पड़ेगा।

- पहले आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2026 थी

पहले इन टैक्सपेयर्स के लिए आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर 2026 थी, जिसे सीबीडीटी ने त्योहारी सीजन और काम के भारी दबाव को ध्यान में रखते हुए 21 दिन आगे बढ़ाकर 21 नवंबर 2026 कर दिया था।

आईटी दाखिल करने की समय-सीमा बढ़ाकर 21 नवंबर 2026 कर दी गई

किन्हें 21 नवंबर को भरना होगा आईटीआर

ऐसे करदाता जिनकी आय व्यापार या पेशेवर सेवाओं से होती है और जिन्हें ऑडिट रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य है, उन्हें जुर्माने और टैक्स नोटिस से बचने के लिए 21 नवंबर तक अपना रिटर्न दाखिल करना होगा। इनमें घरेलू और विदेशी कंपनियां, ऐसे बड़े कारोबारी जिनका सालाना टर्नओवर 1 करोड़ रुपये से ज्यादा है, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), वकील, आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स जैसे पेशेवर, जिनकी सालाना ग्रॉस रिसीट्स 50 लाख रुपए से अधिक या चुनिंदा मामलों में 75 लाख रुपए है।



अनिवार्य लेट फीस देनी होगी: *आयकर अधिनियम की धारा 234एफ के तहत, 21 नवंबर के बाद रिटर्न दाखिल करने पर आपको अनिवार्य लेट फीस देनी होगी। अगर आपकी कुल सालाना कर योग्य आय 5 लाख से अधिक है, तो 5,000 रुपए की लेट फीस होगी। अगर सालाना आय 5 लाख या उससे कम है, तो 1,000 रुपए की लेट फीस लगेगी।*

अगर डेडलाइन से चूक गए तो क्या होगा?

अगर आप 21 नवंबर की समय-सीमा चूक जाते हैं, तो भी आपके पास आयकर अधिनियम की धारा 139(4) के तहत 'बिलेटेड रिटर्न' दाखिल करने का विकल्प रहता है। असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए आयकर विभाग का कहना है कि बिलेटेड रिटर्न 31 दिसंबर, 2026 तक या असेसमेंट पूरा होने से पहले- जो भी पहले हो- दाखिल किया जा सकता है।

किन्हें इस तारीख को नहीं भरना होगा आईटीआर

नौकरीपेशा लोगों और आम व्यक्तिगत करदाताओं, जिन्हें ऑडिट की जरूरत नहीं होती, उनके के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 को ही समाप्त हो चुकी है। इसके अलावा, छोटे कारोबारी, जो धारा 44एडी या 44एडीए के तहत अनुमानित कर योजना का लाभ उठाते हैं और ऑडिट नहीं कराते, उनके लिए भी यह डेडलाइन लागू नहीं है।

द. अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक परिसंपत्तियों की तलाश

खोज में लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और महत्वपूर्ण खनिज शामिल

कंपनी का उद्देश्य कच्चे माल संबंधी जरूरतों को पूरा करना

एनएमडीसी के चेयरमैन मुखर्जी ने रणनीति की पुष्टि की थी

कारोबार में विविधता लाना चाहती है एनएमडीसी, 4 महाद्वीपों पर तलाश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी अब अपने कारोबार में विविधता लाने का प्रयास कर रही है। कंपनी दक्षिण अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक चार महाद्वीपों में खनन परिसंपत्तियों की तलाश कर रही है। इनमें लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और महत्वपूर्ण खनिज जैसे खनिज के भंडार भी शामिल हैं।

कंपनी का उद्देश्य भविष्य में वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और इस्पात जैसे तेजी से बढ़ते उद्योगों की कच्चे माल संबंधी जरूरतों को पूरा करना है।

उद्योग जगत के सूत्रों के अनुसार, एनएमडीसी चिली, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, ब्राजील और एशिया के कुछ हिस्सों में लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और महत्वपूर्ण खनिज के खनन क्षेत्रों की संभावनाएं तलाश रही है।

चूना पत्थर, डोलोमाइट, कोयला ब्लॉक की खोज

इसके अतिरिक्त, कंपनी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, भूटान और ऑस्ट्रेलिया में चूना पत्थर, डोलोमाइट, कोकिंग कोयला और टंगस्टन के खनन ब्लॉक की भी खोज कर रही है। वर्तमान में एनएमडीसी भारत की लौह अयस्क मांग का लगभग एक-चौथाई हिस्सा पूरा करती है। हालांकि, कंपनी अब लौह अयस्क पर अपनी निर्भरता कम करते हुए खनिज कारोबार के अन्य क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहती है।

देश की सबसे बड़ी खनन कंपनी

इससे पहले एनएमडीसी के चेयरमैन अमिताव मुखर्जी ने भी कंपनी के कारोबार में विविधता लाने की रणनीति की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा था कि एनएमडीसी देश की सबसे बड़ी खनन कंपनी बनने के साथ-साथ लौह अयस्क से इतर खनिजों से भी उल्लेखनीय राजस्व अर्जित करना चाहती है।

कंपनी का 99 फीसदी कारोबार लौह अयस्क पर आधारित

कंपनी ने भविष्य में अपने कुल राजस्व का कम से कम 20 प्रतिशत लौह अयस्क के अलावा अन्य खनिजों की बिक्री से हासिल करने का लक्ष्य रखा है। एनएमडीसी ने इस संबंध में कहा, ''फिलहाल हमारा कारोबार 99.9 प्रतिशत लौह अयस्क पर आधारित है। हमारा लक्ष्य देश के तेजी से बढ़ते उद्योगों की अधिकतम खनिज जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है।



रक्षा उत्पादन में इस्पात की मांग बढ़ सकती है

सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, सेमीकंडक्टर विनिर्माण, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन तथा औद्योगिक गलियारों के विकास से देश में विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार की उम्मीद है। इससे वाहन उद्योग, इंजीनियरिंग उत्पादों, मशीनरी, जहाज निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों और रक्षा उत्पादन में इस्पात की मांग बढ़ सकती है।

लागत में कच्चे माल की हिस्सेदारी 65 से 70 फीसदी

इस्पात क्षेत्र के लिए भी कच्चे माल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। इस्पात मंत्रालय के इस्पात नीति दृष्टिकोण के मसौदे, 2047 के अनुसार, इस्पात उत्पादन की कुल लागत में कच्चे माल की हिस्सेदारी लगभग 65 से 70 प्रतिशत होती है। नीति में घरेलू खनन बढ़ाने, कोल वॉशरी के विस्तार, खनन परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, दीर्घकालिक आपूर्ति समझौतों और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कोयला मिश्रण अनुकूलन के माध्यम से आयात निर्भरता घटाने पर जोर दिया गया है।

कच्चा तेल 120 डॉलर के करीब पहुंचने की आशंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- खाड़ी तनाव से कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की आशंका
- फेड का फैसला नई दिशा तय करने में होगी अहम भूमिका

पश्चिम एशिया में बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर अगले सप्ताह भी जारी रहने की आशंका है। इससे आपूर्ति बाधित होने की चिंताएं बनी हुई हैं। वहीं, अमेरिकी फेडरल रिजर्व का मौद्रिक नीति संबंधी फैसला बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 117 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बीच निवेशकों की नजर होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम, ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की आशंकाओं और अमेरिका के साप्ताहिक भंडार आंकड़ों पर रहेगी। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान और अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन अपने साप्ताहिक भंडार के अनुमान जारी करेंगे। इसके अलावा, कुशिंग में कच्चे तेल का भंडार और 27-28 अक्टूबर को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक भी बाजार के लिए अहम रहेगी। निकट अवधि में कीमतों का रुख तेजी का है, लेकिन यह काफी हद तक खबरों से प्रभावित होगा।

अमेरिकी चुनाव के बाद निशाने पर ईरान

दमानी ने कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा तीन नवंबर को होने वाले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के बाद ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे, जिसमें नतांज के पास स्थित परमाणु प्रतिष्ठान भी शामिल हैं, को निशाना बनाने की योजना तैयार किए जाने संबंधी खबरों ने भी चिंता बढ़ाई है।

कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर होगी नजर
- जियो की सूचीबद्धता प्रभावित करेगी बाजार

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में सूचीबद्धता, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और वैश्विक बाजारों के रुझान भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशक 28 अक्टूबर को जारी होने वाले सितंबर के औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस सप्ताह टीवीएस मोटर, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, सन फार्मा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडियन ऑयल, बैंक ऑफ बड़ौदा और गेल इंडिया समेत कई कंपनियां अपने वित्तीय परिणाम घोषित करेंगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 28 अक्टूबर को होने वाली ब्याज दर संबंधी घोषणा इस सप्ताह वैश्विक बाजारों के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम रहेगी। निवेशक ब्याज दर पर फैसले के साथ ही फेडरल रिजर्व के नीतिगत बयान और अधिकारियों की टिप्पणियों का विश्लेषण करेंगे, ताकि भविष्य में ब्याज दर की दिशा का संकेत मिल सके।

कंपनियों के तिमाही नतीजे होंगे जारी

वहीं, यदि फेडरल रिजर्व संतुलित रुख अपनाता है, तो वैश्विक बाजारों को अस्थायी राहत मिल सकती है। राधाकृष्णन के अनुसार, घरेलू स्तर पर औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे यह तय करने में महत्वपूर्ण होंगे कि भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं वैश्विक दबाव का कितना मुकाबला कर पाती हैं।

28 अक्टूबर को जियो होगा सूचीबद्ध

इस बीच, जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 28 अक्टूबर को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगा। इस घटनाक्रम पर निवेशकों की नजर रहेगी और इसका प्राथमिक बाजार की धारणा पर भी असर पड़ सकता है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें बाजार के लिए चिंता का प्रमुख विषय बनी हुई हैं।

एआई से प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। एचसीएल टेक्नोलॉजीज (एचसीएलटेक) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सी विजयकुमार ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण प्रौद्योगिकी क्षेत्र एक बार फिर बड़े बदलाव के मोड़ पर पहुंच गया है और भविष्य उन्हीं कंपनियों का है जो लगातार खुद को नए सिरे से ढालने के लिए तैयार हैं। विजयकुमार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी की कमान संभालने के 10 साल पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया मंच 'लिंक्डइन' पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एक दशक लंबा समय होता है। इस दौरान उद्योगों का स्वरूप बदला है, कारोबारी मॉडल में बड़े बदलाव आए हैं और संभावनाओं की सीमाएं बार-बार बदली हैं।

सीसीआई विभिन्न पदों पर 41 लोगों की करेगा भर्ती

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) श्रमबल बढ़ाने के अपने प्रयासों के तहत प्रतिनियुक्ति के आधार पर पेशेवर और प्रशासनिक पदों के लिए 41 लोगों की भर्ती करने की योजना बना रहा है। सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, सीसीआई और उसकी जांच इकाई महानिदेशक (डीजी) कार्यालय, दोनों में लोगों को भर्ती किया जाएगा। यह नियामक बाजार में विभिन्न क्षेत्रों में अनुचित व्यावसायिक व्यवहार पर नजर रखता है और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का काम करता है।

सराफा कारोबारियों की नजर फेड के नीतिगत फैसले पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से महंगाई की चिंताएं बढ़ने के कारण अगले हफ्ते सोने और चांदी को नई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीति फैसले से यह तय हो सकता है कि सर्राफा कीमतें स्थिर होंगी या अपनी गिरावट के रुख को और बढ़ाएंगी। ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल और मजबूत डॉलर से पहले ही कीमती धातुओं पर दबाव है। अब सर्राफा कारोबारियों की नजर फेडरल रिजर्व की 27-28 अक्टूबर को होने वाली बैठक पर रहेंगी। इसके अलावा यूरोपीय सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ जापान के नीतिगत फैसलों के साथ ही अमेरिका में टिकाऊ सामानों के ऑर्डर, उपभोक्ता विश्वास, व्यक्तिगत उपभोग व्यय और तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों पर भी ध्यान रहेगा।



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सूचना: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



13 वर्षीय ओजस्वनी ने रचा इतिहास

इंडियन ओपन के कट में प्रवेश

गुरुग्राम। भारत की 13 वर्षीय गोल्फर ओजस्वनी सारस्वत ने महिला यूरोपीय टूर (एलईटी) प्रतियोगिता इंडियन ओपन के कट में जगह बनाकर पहले ही इतिहास रच दिया है और अब उनका लक्ष्य विश्व में नंबर एक खिलाड़ी बनने और अपने आदर्श नीरज चोपड़ा की तरह ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। ओजस्वनी महिला गोल्फ के इतिहास में एलईटी प्रतियोगिता में कट बनाने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। उनसे पहले आरिया जुताननर्न ने 2008 में 12 साल की उम्र में फिनएयर मास्टर्स के कट में जबह बनाकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना लक्ष्य : ओजस्वनी ने कहा, 'कट में जगह बनाकर मैं बहुत खुश हूं। यह तो बस शुरुआत है। मेरा लक्ष्य भारत में और फिर विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना है। मैं एक दिन विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं।' उन्होंने कहा, ' मैं भारत की ध्वजवाहक बनना चाहती हूं और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं।



जापान ओपन की नई क्वींन बनीं कैटरीना

फाइनल में यूएसए की एशलिन क्रूगर को हराया



एजेंसी ▶▶| ओसाका

चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने रविवार को सीधे सेटों में जीत हासिल करने जापान ओपन के रूप में तीन साल में अपना पहला एकल खिताब जीता। सिनियाकोवा ने फाइनल में एशलीन क्रूगर को आसानी से 6-1, 6-0 से हराया। यह मैच 64 मिनट तक चला।

लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले किया अपने नाम

मैच में शुरुआती बढ़त 2-1 होने के बाद सिनियाकोवा ने लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले को अपने नाम किया। डबल्स रैंकिंग में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सिनियाकोवा ने 16 विनर्स लगाए, जबकि उन्होंने 19 अनफोर्स्ड एरर (बिना दबाव की गई गलतियां) कीं। वहीं, अपने तीसरे डब्ल्यूटीए टूर-लेवल फाइनल में खेल रहीं एशलिन क्रूगर 10 विनर्स ही लगा सकीं और उनसे 34 अनफोर्स्ड एरर हुए, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। तीन वर्षों में यह सिनियाकोवा का पहला टूर-लेवल सिंगल्स फाइनल था। वह 2016 में 'जापान विमेंस ओपन' (मौजूदा टूर्नामेंट का ही पुराना रूप) में उपविजेता रही थीं, इस तरह 10 साल बाद वह फिर से यहां फाइनल में पहुंचीं।

मैंने सच में मैच का आनंद लिया

सिनियाकोवा ने कहा, मुझे याद नहीं कि मैंने आखिरी बार कब इतना अच्छा खेला था। सब कुछ मेरे पक्ष में हो रहा था, इसलिए मैंने सच में इसका आनंद लिया। मुझमें बहुत आत्मविश्वास था। मैंने जिस तरह से खेला, उस पर मुझे बहुत गर्व है।

1 घंटा 16 मिनट चले मुकाबले में रयबाकिना ने फर्नांडीज को दी मात

निंगबो ओपन में रयबाकिना का दबदबा जीता साल का शानदार चौथा खिताब



एजेंसी ▶▶| निंगबो

दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी एलेना रयबाकिना ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को हराकर 'निंगबो ओपन' खिताब बरकरार रखा। रविवार को निंगबो स्थित सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में रयबाकिना ने फर्नांडीज को 6-2, 6-2 से मात दी।

यह मुकाबला 1 घंटा 16 मिनट तक चला। इस जीत के साथ रयबाकिना ने इस साल अपना चौथा खिताब जीता। रयबाकिना ने मैच के दौरान वर्ल्ड नंबर-30 खिलाड़ी फर्नांडीज की सर्विस को चार बार तोड़ा (हर सेट में दो-दो बार), और इस तरह निंगबो में लगातार दूसरी बार खिताब जीता।

बेहतरीन फॉर्म में रयबाकिना

कजाकिस्तान की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना को पहले सेट की शुरुआत में थोड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें लगातार ब्रेक प्वाइंट्स बचाने पड़े। हालांकि, उन्होंने शानदार खेल दिखाया और लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी रयबाकिना बेहतरीन फॉर्म में दिखीं और अपना दबदबा बनाए रखा। वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी ने दूसरे सेट में फर्नांडीज की सर्विस दो बार तोड़ी और आसानी से मैच जीत लिया।



यहां का माहौल शानदार : एलेना


खिताबी जीत के बाद रयबाकिना ने कहा, आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। यहां का माहौल शानदार है। आप लोगों के सामने खेलकर बहुत अच्छा लगता है। आप लोग हमेशा मुझे खेलते रहने के लिए काफी प्रेरणा और ऊर्जा देते हैं। यहां खेलते हुए यह मेरा दूसरा साल है और यह मेरी दूसरी जीत है। यह जगह मेरे लिए बहुत खास है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

एलेना के कॅरियर का 15वां टूर-लेवल खिताब

यह इस सीजन में उनका चौथा खिताब है और उनके कॅरियर का 15वां टूर-लेवल खिताब है। अब उनके नाम सात डब्ल्यूटीए 500 ट्रॉफी हो गई हैं, जिनमें से दो निंगबो में जीती गई हैं। इससे पहले, इस साल रयबाकिना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन, स्टटगार्ट और यूएस ओपन जीता था। फ्लशिंग मीडोज (यूएस ओपन) के दौरान ही वह 'वर्ल्ड नंबर 1' खिलाड़ी बनी थीं। यह कनाडाई खिलाड़ी के खिलाफ रयबाकिना की लगातार तीसरी टूर-लेवल जीत है। 'हेड-टू-हेड' मुकाबलों में अब रयबाकिना 4-2 से आगे हैं। कजाख खिलाड़ी ने पिछले साल निंगबो में भी जीत हासिल की थी और अब वह एशियन डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में लगातार 8 जीत (8-0) के सिलसिले पर हैं।

अल्माटी ओपन : युकी ने जीता युगल का खिताब

अल्माटी। भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी ने अमेरिका के अपने जोड़ीदार रयान सेगरमैन के साथ मिलकर अल्माटी ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। भारत और अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और नील ओबरलीट्नर की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को एक रोमांचक फाइनल में 7-6(3), 6-7(1), 10-2 से हराया। भांबरी का यह वर्ष 2026 का पहला एटीपी टूर खिताब है। यह एटीपी टूर पर उनका करियर का कुल पांचवा युगल खिताब है। भांबरी ने इससे पहले 2023 में मालोर्का में, 2024 में गस्टाड और म्यूनिख में और 2025 में एटीपी 500 दुबई टूर्नामेंट में एटीपी 250 खिताब जीते थे। न्यूजीलैंड के अपने साथी माइकल वीनस के साथ एटीपी 250 जिनेवा ओपन में उपविजेता रहने के बाद 34 वर्षीय भांबरी का एटीपी टूर्नामेंट में यह इस सत्र का दूसरा फाइनल था। भांबरी फरवरी में अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 18 पर पहुंचे थे लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अनुकूल नहीं रहा, जिससे वह शीर्ष 40 से बाहर हो गए।



खबर संक्षेप



22 नवंबर को असम राइफल्स हाफ मैराथन

नई दिल्ली। असम राइफल्स की छठी हाफ मैराथन 22 नवंबर को शिलांग में आयोजित की जाएगी, जिसमें रिकॉर्ड भागीदारी होने की उम्मीद है। असम राइफल्स हाफ मैराथन (एआरएचएम) के दौरान शिलांग में सरकार, सशस्त्र बलों और विभिन्न क्षेत्रों से कई गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थित होने की उम्मीद है। इस हाफ मैराथन में 12 से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के 4000 से अधिक धावक तीन अलग-अलग वर्गों पांच किमी, 10 किमी और 21 किमी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसकी पुरस्कार राशि 25 लाख रुपए है। यह घोषणा दिल्ली कैंट स्थित असम राइफल्स कार्यालय में उद्घाटन समारोह के दौरान की गई। असम राइफल्स हाफ मैराथन की शुरुआत 2021 में की गई थी।

राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप: टीम इंडिया का दबदबा

अहमदाबाद। भारत ने राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को महिला वर्ग में युगांडा को 41-18 से और पुरुष वर्ग में मलेशिया को 37-23 से हराया। महिला वर्ग के मुकाबले में भारतीय टीम ने युगांडा को 23 अंकों के अंतर से हराया। कप्तान निधि शर्मा ने 9 अंक जुटाकर टीम की अगुवाई की, जबकि साक्षी ने आठ और अनु ने सात अंक का योगदान दिया। भारत ने इस मुकाबले में 25 रेड अंक, 11 टैकल अंक और ऑलआउट से चार अंक हासिल किए। पुरुष वर्ग में भारत ने मलेशिया को 14 अंकों से हराकर 37-23 से जीत दर्ज की। नीरज नरवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार बोनस अंक सहित कुल 13 अंक जुटाए।

फ्रेंच ओपन

खिताबी मुकाबले में चूकीं सिंधू आन से यंग बनीं चैंपियन



एजेंसी ▶▶| पेरिस

पीवी सिंधू ने रविवार को 9.5 लाख अमेरिकी डॉलर के फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से तीन गेम में हारकर उपविजेता रहीं। भारतीय खिलाड़ी को ओलंपिक चैंपियन आन से यंग के खिलाफ 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ आन ने अपना चौथा फ्रेंच ओपन खिताब और इस सत्र का 11वां खिताब अपने नाम किया।

20 मिनट में जीता पहला गेम

सिंधू ने शानदार शुरुआत की और अपनी लंबाई तथा आक्रामक शॉट्स का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए 20 मिनट में पहला गेम जीत लिया। उनके करियर में यह केवल दूसरी बार था जब वह कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ कोई गेम जीतने में सफल रही थीं। हालांकि आन के खिलाफ 11 मुकाबलों में वह अब तक उन्हें एक बार भी नहीं हरा पाई हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच नेट पर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एक समय स्कोर 4-4 से 7-7 तक पहुंच गया। ऐसे ही एक रैली के दौरान आन के शॉट पर शटल सिंधू के चेहरे पर जा लगी। ब्रेक तक सिंधू ने क्रॉस-कोर्ट स्मैश की मदद से दो अंक की बढ़त बना ली। उन्होंने अपनी लंबाई का अच्छा फायदा उठाया और जल्द ही स्कोर 15-11 कर दिया।

आन ने की दूसरे गेम में वापसी

दूसरे गेम में आन ने दमदार वापसी करते हुए 3-0 की बढ़त बना ली। सिंधू ने स्मैश से स्कोर 2-4 किया और फिर आन का एक शॉट नेट में चला गया। बॉडी स्मैश की मदद से सिंधू ने स्कोर 4-5 किया, लेकिन फिर आन 7-5 से आगे हो गईं। इसके बाद हवा के बहाव से उनका एक शॉट बाहर चला गया। 7-6 के स्कोर पर बेहतरीन नेट शॉट और 30 शॉट तक चली शानदार रैली ने आन को दो अंक की बढ़त बनाए रखने में मदद की। इसके बाद लगातार दो शानदार स्मैश लगाकर कोरियाई खिलाड़ी ने ब्रेक तक चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। आन ने अपनी बढ़त बढ़ाकर 13-7 कर दी।

पडिक्कल और सुदर्शन की जुझारू पारी, इंडिया ए को संकट से उबारा



एजेंसी ▶▶| लिंकन

देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन ने जुझारू बल्लेबाजी करते हुए भारत ए को न्यूजीलैंड ए के खिलाफ रविवार को चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुरुआती झटकों से उबारा। पहली पारी में 113 रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 106 रन बनाए हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ए ने अपनी पहली पारी में 317 रन बनाकर 204 रन की बढ़त हासिल की थी। इस तरह से भारतीय टीम अभी उससे 98 रन पीछे है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (05) और केएल राहुल (04) मैच में दूसरी बार फ्लॉप रहे, जिससे भारतीय टीम दूसरी पारी में 10 रन पर 2 विकेट गंवाने से संकट में पड़ गई। इसके बाद पडिक्कल (89 गेंदों पर नाबाद 56 रन) और सुदर्शन (104 गेंदों पर नाबाद 39 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला।

भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाई बढ़त

महिला वनडे : हरमनप्रीत और दीप्ति ने जड़े शतक

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा के शानदार शतक के बाद वैष्णवी शर्मा की फिरकी के जादू से भारत ने रविवार को जिम्बाब्वे को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 121 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 329 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिकवा (49), चिपो मुगेरी तिरिपानो (46) और बिलव्ड बिजा (34) की उम्दा पारियों के बावजूद 48.5 ओवर में 207 रन पर सिमट गई।



जिम्बाब्वे नहीं चेज कर सकी टारगेट

जिम्बाब्वे को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 156 रन की दरकार थी लेकिन टीम इस स्कोर के करीब भी नहीं पहुंच सकी। वैष्णवी ने जोसेफिन एनकोमो (22) को पगबाधा करके अपना चौथा विकेट हासिल किया जबकि दीप्ति ने नयाशा ग्वानजुरा (20), नोमवेलो सिबांडा (00) और तेंडाई माकुशा (00) को पवेलियन भेजा।

वैष्णवी और दीप्ति की घातक गेंदबाजी

वैष्णवी ने 39 रन देकर 4 जबकि ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 32 रन देकर 3 विकेट चटकाए। भारत ने इससे पहले हरमनप्रीत (121 गेंद में 126 रन, 15 चौके) और दीप्ति शर्मा (86 गेंद में नाबाद 106 रन, 15 चौके) के शतक और दोनों के बीच पांचवें विकेट की 153 रन की साझेदारी से 6 विकेट पर 328 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। हरमनप्रीत ने टीम की खराब शुरुआत के बाद सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (67 गेंद में 61 रन) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 124 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिम्बाब्वे ने शुरुआती 10 ओवर में लॉरिन फिरी (06) का विकेट गंवाकर 47 रन बनाकर सतर्क शुरुआत की।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग : सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की

न्यायधानी नाइट्स की लगातार तीसरी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में न्यायधानी नाइट्स का शानदार प्रदर्शन जारी है। रविवार को खेले गए मुकाबले में टीम ने बैलाडीला बुल्स को 4-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ न्यायधानी नाइट्स ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। वहीं, बैलाडीला बुल्स अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है।

मुकाबले के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव भी मौजूद रहे। मुकाबले के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत रही और कोई गोल नहीं हुआ। दूसरे क्वार्टर में बैलाडीला बुल्स की ओर से पेनल्टी कॉर्नर मिलने पर न्यायधानी नाइट्स के चिराग ने शानदार ड्रैग-फ्लिक से गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हाफ टाइम से पहले चिराग ने एक और गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि, बैलाडीला बुल्स के जसकरण ने गेंद को डिफ्लेक्ट कर गोल में पहुंचाया और स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में न्यायधानी नाइट्स के गोलकीपर सुरेंद्र ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार बचाव किया। सुरेंद्र 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। दूसरी ओर, चिराग ने तीसरे क्वार्टर के अंत में अपना तीसरा गोल कर हैट्रिक पूरी की और टीम की बढ़त 3-1 कर दी।



केतन ने चौथे गोल से जीत की पक्की

मैच के अंतिम चरण में केतन कुशवाहा ने टोमाहॉक शॉट के जरिए गोल कर न्यायधानी नाइट्स की बढ़त 4-1 कर दी। मजबूत रक्षापंक्ति और शानदार गोलकीपिंग के दम पर टीम ने मुकाबला अपने नाम किया। चिराग को उनके प्रदर्शन के लिए 'स्ट्राइकर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। न्यायधानी नाइट्स 27 अक्टूबर को चक्रधर चैंपियंस से भिड़ेगी, जबकि बैलाडीला बुल्स का अगला मुकाबला 26 अक्टूबर को संस्कारधानी स्ट्राइकर्स से होगा। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आयोजन राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। प्रतियोगिता 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है। इसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह टीमें हिस्सा ले रही हैं।

प्रकृति में कई ऐसे पेड़-पौधे मौजूद हैं, जो देखने में बेहद खूबसूरत और साधारण लगते हैं, लेकिन उनके भीतर छिपे गुण जानलेवा भी हो सकते हैं। केरल के तटीय इलाकों और बैकवाटर्स के आसपास पाया जाने वाला ओथालंगा का पेड़ इसका एक उदाहरण है।

दिखता है आम पेड़ जैसा, फल खाते ही हो जाती है इंसान की मौत!

नई दिल्ली। इसकी हरी-भरी पत्तियां, सफेद फूल और आम जैसे दिखने वाले फल पहली नजर में किसी का भी ध्यान खींच सकते हैं। हालांकि, इसकी खूबसूरती के पीछे एक गंभीर खतरा छिपा है। यही वजह है कि इसे अंग्रेजी में 'सुसाइड ट्री' भी कहा जाता है।

ओथालंगा का वैज्ञानिक नाम सेर्बेरा ओडोलम है। यह एपोसिनेसी परिवार का पौधा है, जिसमें कई जहरीली प्रजातियां शामिल हैं। इसे अंग्रेजी में सी मैंगो यानी समुद्री आम के नाम से भी जाना जाता है। यह पेड़ दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के क्षेत्रों में पाया जाता है। केरल के तटीय इलाकों में भी इसकी मौजूदगी देखी जाती है। इस पेड़ के फल बाहर से सामान्य दिखाई दे सकते हैं, लेकिन इनके बीजों में सेरबेरिन नाम का जहरीला पदार्थ पाया जाता है। यह कार्डियक ग्लाइकोसाइड समूह का एक यौगिक है, जो दिल की सामान्य कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकता है।

ये है देश का सबसे जहरीला प्लांट



दिल की धड़कनों पर पड़ता है जहरीले तत्व

सेरबेरिन शरीर की कोशिकाओं में सोडियम और पोटैशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन को बनाए रखने वाली प्रक्रिया में बाधा डाल सकता है। इसका असर हृदय की विद्युत गतिविधियों पर पड़ता है, जिससे दिल की धड़कन अनियमित हो सकती है। गंभीर मामलों में यह स्थिति कार्डियक अरेस्ट जैसी जानलेवा समस्या का कारण बन सकती है। विशेषज्ञों के लिए इस तरह के विषाक्त प्रभावों की पहचान करना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि इसके लक्षण कई दूसरी गंभीर चिकित्सकीय स्थितियों से मिलते-जुलते हैं।

खूबसूरत दिखने वाले फल से रहें सावधान

ओथालंगा का पेड़ हमें याद दिलाता है कि प्रकृति में दिखाई देने वाली सुंदरता हमेशा सुरक्षा की गारंटी नहीं होती। इसके फल या बीजों को बिना सही जानकारी के छूने या खाने के प्रयोग नहीं करने चाहिए। खासकर बच्चों को ऐसे अनजान फलों से दूर रखना जरूरी है। अगर किसी व्यक्ति को इस पौधे का फल या बीज खाने का संदेह हो, तो लक्षणों का इंतजार किए बिना तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। समय पर पहचान और इलाज गंभीर परिणामों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



मौत की असली वजह का पता लगाना क्यों है मुश्किल?

ओथालंगा से जुड़े मामलों में फोरेंसिक जांच की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। यदि जांच करने वालों को इस पौधे से विष की आशंका न हो, तो मौत की वास्तविक वजह पहचानना कठिन हो सकता है। सही निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए मेडिकल हिस्ट्री, घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य, पोस्टमॉर्टम के निष्कर्ष और विशेष टॉक्सिकोलॉजिकल जांच को एक साथ देखना जरूरी है। सेरबेरिन की पहचान के लिए सामान्य डिगॉक्सिन टेस्ट पर अकेले निर्भर रहना भी काफी नहीं है। डिगॉक्सिन एक अलग कार्डियक ग्लाइकोसाइड है और उसके परीक्षण को सेरबेरिन की पुष्टि का विश्वसनीय विकल्प नहीं माना जा सकता।

रोचक खबरें

तुर्की बन सकता है रेयर अर्थ का बड़ा प्लेयर किजिलकाओरेन भंडार पर रिसर्च



अंकारा। तुर्की जल्दी ही रेयर अर्थ (दुर्लभ मृदा तत्वों) के अहम स्रोत के रूप में उभर सकता है। तुर्की के दुनिया में मची रेयर अर्थ की होड़ में शामिल होने की संभावना देश के 'किजिलकाओरेन' भंडार पर हुए शोध की वजह से है। चीनी शोधकर्ताओं ने तुर्की के सबसे महत्वपूर्ण ज्ञात रेयर अर्थ भंडार किजिलकाओरेन का अध्ययन किया है। उन्होंने इस भंडार के जटिल भूवैज्ञानिक विकास का खाका तैयार किया है। यह रेयर अर्थ आधुनिक समय में बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

यह शोध इस बात पर रोशनी डालता है कि कार्बोनेटाइट से जुड़ी संरचनाओं में रेयर अर्थ तत्व किस तरह जमा होते हैं। साथ ही यह उन देशों के सामने खड़े सवाल से जुड़ा है, जो अपने महत्वपूर्ण खनिजों के स्रोतों में विविधता लाने की कोशिश में हैं। यानी इसके रास्ते में आने वाली भूवैज्ञानिक और आर्थिक बाधाएं वास्तव में कितनी कठिन हैं। वैज्ञानिक यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इस खनिज को सफलता से निकालकर इस्तेमाल में लाया जा सकता है।

तुर्की में हुई ज्वाइंट रिसर्च : फर्स्टपोस्ट के मुताबिक, यह शोध पत्र चीन और तुर्की के वैज्ञानिकों ने किया है। साइट के इतिहास का पुनर्निर्माण करने के लिए टीम ने संपूर्ण चट्टान भू-रसायन, खनिज विश्लेषण, फ्लोराइट के ट्रेस-तत्व माप और स्ट्रोंटियम आइसोटोप डेटा को संयोजित किया। इससे उन्हें मैग्मा के प्रारंभिक निक्षेपण से लेकर बाद के जलतापीय खनिजकरण तक निक्षेप का पता लगाने में मदद मिली। इसमें उन्होंने तीन चरणों की पहचान की। कार्बोनेटाइट मैग्मा ने सबसे पहले आसपास की चट्टानों में प्रवेश किया, जिससे खनिजकरण की परिस्थितियां बनीं। जैसे-जैसे मैग्मा विकसित हुआ तो दुर्लभ पृथ्वी तत्वों, फ्लोरीन और सल्फेट से समृद्ध हाइड्रोथर्मल द्रव बने। इससे धातुओं का परिवहन और संकेंद्रण हुआ। आखिर में उल्कापिंडीय वर्षा का जल इस प्रणाली में प्रवेश कर गया।

भंडार और माइनिंग का फर्क

एक भंडार (डिपॉजिट) के बारे में पता होना और उसका खनन अलग है। भंडार के बनने की प्रक्रिया और यह साबित करना कि उसका आर्थिक रूप से खनन किया जा सकता है, दोनों अलग हैं। किजिलकाओरेन में 4.67 मिलियन टन रेयर अर्थ' अयस्क है। इसमें 'रेयर अर्थ ऑक्साइड' का औसत ग्रेड 2.78 प्रतिशत है। यह आंकड़ा अयस्क की मात्रा को दर्शाता है। दुनिया के प्रमुख भंडारों की तुलना में इसका पैमाना काफी छोटा लगता है। रिसर्चर यांग ने बताया कि किजिलकाओरेन उसी श्रेणी (मैग्मैटिक कार्बोनेटाइट) में आता है। इसमें चीन के सिचुआन प्रांत का माओनिउपिंग भंडार है। हालांकि इनर मंगोलिया में मौजूद विशाल बयान ओबो भंडार से यह काफी अलग है। किजिलकाओरेन, बयान ओबो से अलग है।

23 देशों की यात्रा कर मणिपुर पहुंचे अपापांग और अलांग बाज, दीमक खाकर भरेंगे पेट



नई दिल्ली। चीन से उड़े और 11 दिनों का सफर तय कर आखिरकार 'अपापांग' और 'अलांग' मणिपुर पहुंच गए हैं। ये कोई आम सैलानी नहीं, बल्कि 'अमूर फाल्कन' (बाज) हैं। पिछले साल नवंबर 2025 में वैज्ञानिकों ने इन्हें ट्रैक करने के लिए रेडियो टैग लगाया था। तब से लेकर अब तक, एशिया और अफ्रीका के 23 देशों की उड़ान भरकर ये नन्हे बाज वापस अपने ठिकाने पर लौट आए हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी है।

पहाड़ों में दावत उड़ाएंगे बाज

मणिपुर के तामेंगलोंग जिले के खूबसूरत पहाड़ों में अब इन मेहमानों का डेरा होगा। यहां ये करीब दो से तीन हफ्ते रुकेंगे। स्थानीय लोग हर साल पलकें बिछाकर इनका इंतजार करते हैं और इनकी सुरक्षा का पूरा जिम्मा उठाते हैं। यहां मिलने वाले दीमक इन बाजों का मुख्य भोजन हैं। इन्हें खाकर ये अपनी अगली और सबसे मुश्किल यात्रा के लिए जरूरी ताकत और चर्बी (फैट) जुटाएंगे।

6 दिन की बिना रुके उड़ान

यहां से आराम करने के बाद इनका अगला पड़ाव सोमालिया होगा। यह सफर आसान नहीं है। इन्हें करीब 6 हजार किलोमीटर का सफर बिना रुके लगातार उड़कर तय करना होगा, जिसमें 3 हजार किलोमीटर की खतरनाक अरब सागर की उड़ान भी शामिल है। बिना रुके 6 दिनों तक लगातार उड़ने की इनकी यह काबिलियत वाकई कुदरत का एक करिश्मा है।

भविष्यवाणी

नास्त्रेदमस की ये दो भविष्यवाणियां हुईं सच!

क्या छिड़ने वाला है विनाशकारी युद्ध दुनिया में मचेगी भयानक तबाही?

पेरिस। फ्रांस के मशहूर भविष्यवक्ता माइकल दि नास्त्रेदमस की भविष्यवाणों पर पूरी दुनिया यकीन करती है। उन्होंने अपनी भविष्यवाणी में 2026 को मानव इतिहास का सबसे भयानक साल बताया था। नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणियों में कहा था कि साल 2026 में तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। यह युद्ध दुनिया के लिए बेहद खतरनाक और विनाशकारी हो सकता है। उन्होंने यह भी आशंका जताई थी कि धर्म और राष्ट्रवाद के नाम पर हिंसा भड़केगी। अब कहा जा रहा है कि नास्त्रेदमस की दो बड़ी भविष्यवाणियां सच साबित हो चुकी हैं।

लोकप्रिय नेता की हो सकती है हत्या : नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणी में यह भी दावा किया था कि साल 2026 में दुनिया के किसी बड़े और लोकप्रिय नेता की हत्या हो सकती है। इसके कारण उस देश में सत्ता परिवर्तन हो सकता है।



समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ सकता है

नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणियों में कहा था कि युद्ध का असर समुद्री मार्गों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा था किसी एक देश की गलती की वजह से समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ने वाला दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण और रणनीतिक समुद्री मार्ग है। अमेरिका और ईरान में जारी तनाव के कारण यह मार्ग प्रभावित हुआ है, जिसके कारण पूरी दुनिया में तेल का संकट छाया है।

दुनिया में छा सकता है आर्थिक संकट : नास्त्रेदमस ने अपनी एक भविष्यवाणी में कहा था कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसके पूरी दुनिया प्रभावित होगी और जनता को महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। समुद्री मार्गों और बंदरगाहों पर तनाव के कारण खाद्य पदार्थों समेत अन्य चीजों की सप्लाई बाधित होगी, जिससे कीमतें बढ़ेंगी। आर्थिक दबाव के कारण दुनिया की कई राजनीतिक पार्टियों और प्रभावशाली नेताओं का पतन हो सकता है। अब दावा किया जा रहा है कि नास्त्रेदमस की समुद्री मार्गों पर तनाव और दुनिया में आर्थिक संकट की भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं।

नास्त्रेदमस कौन थे?

फ्रांस के रहने वाले नास्त्रेदमस का जन्म 14 दिसंबर, 1503 को हुआ था। देश के एक छोटे-से गांव सेंट रेमी में जन्में नास्त्रेदमस बेहद कम उम्र में ही भविष्यवाणियां करने लगे थे। पेशे से नास्त्रेदमस एक डॉक्टर और शिक्षक थे। सदियों बाद भी लोग उनकी भविष्यवाणियों पर यकीन करते हैं। उन्होंने साल 1566 में दुनिया को अलविदा कह दिया था।



शुरू होगा भयानक युद्ध

नास्त्रेदमस ने कहा था कि 2026 में भयानक युद्ध की शुरुआत होगी, जो सात महीने तक चलेगा। उन्होंने यह भी दावा किया था कि इसी साल तीसरा विश्व युद्ध भी शुरू हो सकता है। उनका कहना था कि ऐसा हालात उत्पन्न होंगे तीसरे विश्व युद्ध को होने से कोई नहीं रोक सकता है। उनका कहना है कि राष्ट्रवाद और धर्म के नाम पर हर तरफ हिंसा होगी। इंसान ही इंसान के दुश्मन बन जाएंगे, जिससे मानव सभ्यता विनाश की तरफ जा सकती है।

भारतीय को पहली बार मिला प्रतिष्ठित ऑस्कर क्लेन मेडल



वॉशिंगटन। भारतीय भौतिक विज्ञानी प्रोफेसर अशोक सेन को 2026 के लिए प्रतिष्ठित ' ऑस्कर क्लेन मेडल ' से सम्मानित किया गया है। वे यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान पाने वाले पहले भारतीय भौतिक विज्ञानी बन गए हैं। यह पुरस्कार ' सट्रिंग थ्योरी ' (जो ब्रह्मांड की मूलभूत प्रकृति को समझाने का प्रयास करती है), 'ब्लैक होल एंट्रॉपी' और 'सट्रिंग फील्ड थ्योरी' में उनके अहम योगदान को मान्यता देता है। इन क्षेत्रों ने आधुनिक सैद्धांतिक भौतिकी को एक नई दिशा दी है।

कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और कलकत्ता विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र प्रोफेसर अशोक सेन को विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 2001 में पद्म श्री और 2013 में पद्म भूषण से नवाजा जा चुका है। उन्हें 2009 में इन्फोसिस पुरस्कार (गणितीय विज्ञान), 1994 में शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार, 1989 में आईसीटीपी पुरस्कार मिल चुका है। वर्तमान में सेन बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर थियोरेटिकल साइंसेज में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

हर साल दिया जाता है अवार्ड

'ऑस्कर क्लेन मेडल' हर साल स्वीडन की स्टॉकहोम यूनिवर्सिटी और 'रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज' की 'नोबेल कमिटी फॉर फिजिक्स' देती है। साल 1988 में शुरू किया गया यह पुरस्कार भौतिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। इसका नाम स्वीडिश सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी ऑस्कर क्लेन के नाम पर रखा गया है। इस पुरस्कार को पाने वालों में स्टीफन हॉकिंग, पीटर हिग्स, चेन-निंग यांग, स्टीवन वेनबर्ग और हंस बेथे जैसे नोबेल पुरस्कार विजेता शामिल हैं, जो इस सम्मान की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को दर्शाते हैं। बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर थियोरेटिकल साइंसेज (आईसीटीएस) ने शनिवार को प्रोफेसर अशोक सेन को क्लेन मेडल से सम्मानित किए जाने की जानकारी दी है।

हरा एनाकोंडा को पकड़ने में वैज्ञानिकों के छूटे पसीने

लीमा। पश्चिमी अमेजन में हरा एनाकोंडा कहां पाया जाता है यह जानने के अलावा उसे ढूंढ़ने के लिए वैज्ञानिकों ने कड़ी मशक्कत की है। घनी जंगल, पानी में डूबा मलबा और छिपे हुए नदी के किनारे इस विशाल एनाकोंडा के छिपने के लिए एक शानदार जगह होता है। 2025 में 'जर्नल ऑफ नेचुरल हिस्ट्री' में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि पश्चिमी अमेजन में ये विशाल सरीसृप जलमार्गों और आस-पास की वनस्पति का उपयोग कैसे करते हैं।

पेरू के माद्रे दे दिओस क्षेत्र में शोधकर्ताओं ने 'पश्चिमी अमेजन में छिपे रहने वाले हरे एनाकोंडा जिसका नाम यूनेक्टेस मुरिनस है उसको लेकर एक जटिल अध्ययन किया जिसमें कम से कम 50 अलग-अलग सांपों से जुड़ी 180 लोकेशन को ट्रैक कर जानकारियां जुटाई गईं। चार वयस्क सांपों पर बहुत हाई फ्रीक्वेंसी वाले रेडियो टैग लगाए गए और उन्हें ट्रैक किया गया।



शोधकर्ताओं ने पेरू में चार हरे एनाकोंडा को कैसे ट्रैक किया : वैज्ञानिकों को दर्ज की गई रेडियो लोकेशन्स में से सिर्फ 23 जगहों पर यानी 17.7% मामलों में ही ये सांप बिना किसी रुकावट के दिखाई दिए। ये नतीजे बताते हैं कि इन जानवरों का छिपा रहना और सिर्फ धूप सेंकने के लिए ही बाहर आना क्यों मायने रखता है।

सिर्फ 17.7% बार ही इंसानी नजरों के सामने आए

शोधकर्ताओं ने कम से कम 50 एफेबोपस मुरिनस प्रजातियों से संबंधित 180 ऑब्जर्वेशन दर्ज किए जिनमें से 130 रिकॉर्ड टेलीमेट्री ट्रैकिंग द्वारा प्राप्त किए गए, जो कुल का 72.2% है। क्षेत्र कार्य में नदियों, धाराओं, ऑक्सबो झीलों और अगुआजलों सहित विभिन्न प्रकार के जलीय वातावरण शामिल थे। अगुआजल एक आर्द्रभूमि है जिसमें अगुआज ताड़ के पेड़ प्रमुख होते हैं जिन्हें वैज्ञानिक रूप से मॉरिटिया फ्लेक्सुओसा के नाम से जाना जाता है। टैग किए गए साँपों को लॉस एमिगोस, लास पिएड्रास और माद्रे डी डियोस नदियों के किनारे ट्रैक किया गया।

गुजरात का अनोखा गांव, 1000 साल से रह रहे अफ्रीकी मूल के लोग

गांधीनगर। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में बसा जाम्बुर गांव पहली नजर में आश्चर्य से भर देगा। यहां रहने वाले लोग दिखने में बिल्कुल अफ्रीकी मूल के हैं, लेकिन ठेठ गुजराती या साफ हिंदी में बात करते हैं। इनके नस-नस में अफ्रीका बहता है, लेकिन दिल पूरी तरह हिंदुस्तानी है। हम बात कर रहे हैं 'सिद्दी' समुदाय की। सदियों पहले अफ्रीका से आकर भारत को अपना आशियाना बनाने वाला यह अल्पसंख्यक समुदाय आज हमारी विविधता का एक खूबसूरत हिस्सा है। उन्होंने अपनी अफ्रीकी 'बांटू' जड़ों को समेटे हुए भारतीय संस्कृति को ऐसे गले लगाया है, जैसे दूध में चीनी मिल जाती है।



स्थानीय लोग बताते कि लगभग 1000 साल पहले जूनागढ़ के नवाब उनके पूर्वजों को अफ्रीका (युगांडा) से जहाज में काम करने के लिए यहां लाए थे। जब महल का काम पूरा हो गया, तो नवाब ने उन्हें यहीं जमीन देकर बसा दिया। शुरुआत में वे अपनी अफ्रीकी भाषा बोलते थे, लेकिन धीरे-धीरे वक्त के साथ वे गुजराती रंग में ऐसे रंगे कि अब उन्हें अपने अफ्रीकी अतीत या वहां की संस्कृति के बारे में कुछ खास याद नहीं है।

सुरक्षा

छात्रों की सुरक्षा के लिए इंतजाम

हॉस्टल में लगे एंटी-सुसाइड फैन, 10 किलो से ज्यादा वजन पड़ते ही आ जाएंगे नीचे

गांधीनगर। देश के कई शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के मामले सामने आने के बाद उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। पढ़ाई का दबाव, परीक्षा की चिंता और निजी परेशानियां कई बार छात्रों के लिए मुश्किलें खड़ी कर देती हैं। ऐसे में हॉस्टल में रहने वाले छात्रों की सुरक्षा को लेकर गुजरात की एक यूनिवर्सिटी का वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। इस वीडियो में हॉस्टल के कमरों में खास तरह के पंखे लगे दिखाई दे रहे हैं, जिन्हें एंटी-सुसाइड फैन कहा जा रहा है। तो आइए जानते हैं कि वीडियो में क्या दिखाया गया है।



सिर्फ पंखे बदलने से कैसे दूर होगी समस्या?

छात्रों की सुरक्षा के लिए हॉस्टल में इस तरह के इंतजाम जरूरी हो सकते हैं, लेकिन मानसिक परेशानी से जूझ रहे छात्रों की मदद करना भी उतना ही अहम है। पढ़ाई, परीक्षा और भविष्य की चिंता के बीच कई छात्र अपनी परेशानी किसी से साझा नहीं कर पाते। ऐसे में कॉलेजों में काउंसलिंग, समय पर मदद और भरोसेमंद बातचीत की व्यवस्था होनी चाहिए।

हॉस्टल में कैसे काम करते हैं ये खास पंखे?

वायरल वीडियो में दिख रहा पंखा सामान्य पंखे से अलग नजर आता है। इसे छत से जोड़ने के लिए स्प्रिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया गया दिखाई देता है। वीडियो में व्यक्ति जैसे ही पंखे को नीचे खींचता है, वह छत से नीचे आ जाता है। इस तरह की व्यवस्था का मकसद ज्यादा भार पड़ने की स्थिति में खतरे को कम करना बताया जा रहा है। हालांकि, केवल वीडियो देखकर इस पंखे की पूरी तकनीक और सुरक्षा की गारंटी के बारे में कुछ कहना सही नहीं होगा। इसके लिए पंखे की बनावट, उसकी जांच और इस्तेमाल से जुड़ी जानकारी होना जरूरी है।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

अचानक चक्कर और संतुलन बिगड़ना ? कारण कान ही नहीं, मस्तिष्क भी हो सकता है।
न्यूरोलॉजी परामर्श

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com